हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 17 सितंबर 2025


तापमान

अधिकतम 30.4 डिग्री

न्यूनतम 25.2 डिग्री



जवाली नाले पर बनाया गया सड़क पर चेम्बर सात माह बाद भी नहीं हो पाया ठीक।



## खबर संक्षेप

### मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा आज से



**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितम्बर बुधवार को भाजपा जिला शहर द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस को भाजपा द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी। इस पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री के जन्म दिवस 17 सितम्बर को जिला अस्पताल में सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। जिसमें जिला शहर के 15 मंडलों के भाजयुमो कार्यकर्ता अपना रक्तदान करेंगे।

### पायलट की बेलतरा में आमसभा आज



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट बुधवार को बेलतरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम बेलतरा में आमसभा को संबोधित करेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट इन दिनों छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं। आज उन्होंने रायगढ़ जिला में वोट चोर गद्दी छोड़ पदयात्रा एवं हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की। सचिन पायलट बुधवार को सड़क मार्ग से कटघोरा होते हुए बेलतरा विधानसभा पहुंचेंगे, जहां ग्राम बेलतरा में वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम तहत आमसभा को सुबह 10 बजे संबोधित करेंगे। बेलतरा के आमसभा में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के अलावा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित कांग्रेस के प्रदेश के सारे बड़े नेता, पदाधिकारी शामिल होंगे।

### उत्कल चलेगी डायवर्ट मार्ग से 1 अक्टूबर से

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल के राउरकेला-कांसबहाल स्टेशन के बीच ट्रैक रिलेइंग ट्रेन टीआरटी मशीन से पटरियों को बदलने का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य विभिन्न तिथियों 1 अक्टूबर से 15 दिसम्बर तक होगा। ट्रेन परिवर्तित मार्ग ईब, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर सिटी कटक होकर चलाई जाएगी। इसमें रेलवे जोनल स्टेशन से होकर चलनी ट्रेन में 10, 17, 24, 31 अक्टूबर, 7, 14, 21, 28 नवंबर, 5 व 12 दिसम्बर को योगनगरी ऋषिकेश से चलने वाली गाड़ी 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस, 13, 20, 27 अक्टूबर, 3, 10, 17, 24 नवंबर तक चलेगी।

### अगले 24 घंटे में अच्छी बारिश की संभावना

**बिलासपुर।** प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल चुका है। लौटते हुए मानसून की गतिविधियां तेज हो चुकी है, इस दौरान द्रोणिका के प्रभाव के चलते प्रदेश के कई जिलों में एक साथ बारिश हो रही है। मंगलवार को बिलासपुर जिले में बारिश थमी रही लेकिन आसपास के इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। आसमान पर सूरज के आने के बाद तापमान में थोड़ी बढ़ोत्तरी हो चुकी है, इस दौरान अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री दर्ज किया गया है। पिछले 48 घंटे से प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी की गतिविधियां शुरू हो चुकी है। जिससे चलते आगामी दिनों में मौसम में बदलाव साफ नजर आ रहा है।

# प्रदेश की नदियों के संरक्षण व संवर्धन पर काम करेगी राज्य की कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थल आखिर क्यों सूख रहे हैं, यह जानने और इन स्थलों को तलाशने के लिए राज्य सरकार द्वारा कमेटी बनाई जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश की 19 नदियों के संरक्षण और संवर्धन पर यह कमेटी काम करेगी। जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने इसके आदेश दिए। इसके साथ ही सभी नदियों और उनके उद्गम स्थल को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने का भी आदेश दिया गया है। दरअसल रिकार्ड में यह नदियां और उनके उद्गम स्थल फिलहाल नाले के रूप में दर्ज है। हालांकि कोर्ट ने गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के उस आवेदन को नहीं माना जिसमें क्षेत्र की नदियों का हाईटेक सर्वे कराने के लिए 2 करोड़ 60 लाख रुपए की मांग की गई थी। शासन द्वारा मंगलवार को पेश जवाब में कहा गया कि 6 नदियों महानदी, हसदेव, तांदूला, पैरी, केलो, मांड के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है। अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी।

### जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने दिया शासन को निर्देश



■ राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने का भी आदेश

अरपा नदी के साथ ही प्रदेश की अन्य नदियों के संरक्षण और संवर्धन की मांग करते हुए लगाई गई जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अरपा में सालभर पानी की योजना के साथ प्रदेश की 9 प्रमुख नदियों के रिवाइवल की योजना पर काम किया जा रहा है। राज्य सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान 2018 में बनाई गई भागवत कमेटी की बात याचिकाकर्ताओं की तरफ से उठाई गई। यह कमेटी नदियों के संरक्षण पर काम करने के लिए बनी थी।

### उद्गम स्थल राजस्व रिकार्ड में होंगे दर्ज

पहले चरण में 6 नदियों के लिए कमेटी गठित

- महानदी
- हसदेव
- तांदूला
- पैरी
- केलो
- मांड

### इतिहासकार, लेखक, पर्यावरणविद रहेंगे कमेटी में

हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थल आखिर क्यों सूख रहे हैं, यह जानने और इन स्थलों को तलाशने के लिए राज्य सरकार द्वारा कमेटी बनाई जानी चाहिए। शासन की ओर से इस पर सहमति जताई गई। इस कमेटी में जानकार तकनीकी अधिकारी अफसर, इतिहासकार, लेखक और पर्यावरणविद भी शामिल किए जाएंगे। यह कमेटी उद्गम स्थलों को पुनर्जीवित करने और इनसे पानी का बहाव बनाए रखने की दिशा में काम करेगी। कमेटी का सबसे पहला काम होगा नदियों के उद्गमों की तलाश करना। शासन ने कहा कि जिन जिलों से नदियों का उद्गम है वहां के कलेक्टर इसके अध्यक्ष रहेंगे। इसके साथ ही खनिज, वन और जिला पंचायत के अधिकारी कमेटी के सदस्य होंगे।

### तीन बच्चियों के डूबने की होगी जांच

हाईकोर्ट ने अरपा नदी में 3 बहनों की डूबने से मौत और अवैध खुदाई से जगह-जगह बने गड्ढों में डूबने से हो रही मौतों पर खुद संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सरकार को कमेटी बनाने का आदेश दिया है। याचिका के मुताबिक प्रतिबंध के बावजूद अरपा नदी में कई जगहों पर खुलेआम अवैध खनन किया जा रहा है। इसके साथ ही 17 जुलाई 2023 को अरपा नदी में डूबने से 3 बहनों की मौत की भी जानकारी दी गई। याचिकाकर्ताओं ने चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच को बताया कि 3 साल पहले अरपा नदी में सेंदरी के पास गड्ढे में डूबने से तीन लड़कियों की मौत हो गई थी। बारिश के दिनों में खनन से बन गहरे गड्ढे की वजह से जान गई थी।

### छोटी-बड़ी 19 नदियां निकलती हैं प्रदेश से


याचिकाकर्ता अरविंद शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 19 छोटी-बड़ी नदियों का उद्‌गम है। इनमें धमतरी के सिहावा से महानदी, राजनांदगांव के अंबागढ़ से शिवनाथ नदी, कांकेर के भानुप्रतापपुर से तांदुला नदी, मनेन्द्रगढ़ के रामगढ़ से हसदेव नदी, गुरुर के पेटेचुआ से खारून नदी, महासमुन्द से जोंक नदी बिन्द्रानवागढ़ से पैरी नदी, मैनपाट से माड नदी, जशपुर के पंरापाट से ईब नदी, रायगढ़ के लुडेग से केलो नती, कोरबा के पठार से बोराई नदी, मलाजकुंडम से दूध नदी, बिलासपुर के खुड़िया पठार से कन्हार नदी, सरगुजा की मातरिंगा पहाड़ी से रिहन्द नदी, दुर्ग के उच्च भूमि से कोटरी नदी, बैलाडील से शबरी नदी, डांगरी-डोंगरी से डंकिन नदी, बैलाडीला से शखिनी नदी, राजनांदगांव के पठार से बाघ नदी और कोडागांव से नारंगी नदी निकलती है।

### गंदा पानी रोकने की कार्ययोजना मांगी

हाईकोर्ट ने नगर निगम बिलासपुर को नया शपथ पत्र पेश करने कहा है। कोर्ट ने पूछा है कि अरपा के गंदे पानी को साफ करने के लिए बनाए जा रहे एसटीपी की क्या हालत है। निगम द्वारा इससे पहले पेश जवाब में कहा गया है कि 103 करोड़ की कार्ययोजना बनाई गई है। इसके अनुसार नदी में गिरने वाले पानी की सफाई के लिए अरपा में 4 एसटीपी निगम बना रहा है। निगम का दावा है कि मार्च 2026 तक चारों एसटीपी पूरे हो जाएंगे। इसमें 30 करोड़ की लागत से मंगला में 2 और कोनी व जवाली नाला पर 1-1 एसटीपी के निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। निगम ने तीन और एसटीपी बनाने का फैसला लिया है। इसमें चिंगराजपारा में 40 एमएलडी का, तिलकनगर में 4 एमएलडी का और शनिचरी में 8 एमएलडी का एसटीपी बनाया जाएगा।

### देर रात तक एसडीआरएफ की टीम और पुलिस लगी रही आग बुझाने में





## बिजली विभाग की लापरवाही : अचानक बढ़ा लोड, दो घंटे बाद बंद की गई बिजली

# गोलबाजार की चार दुकानों में लगी भीषण आग, मचा हड़कंप, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गोलबाजार में मंगलवार की रात 4 दुकानों में आग लगने से हड़कंप मच गया। इनमें सबसे पहले आग शार्ट सर्किट से महामाया साड़ी में लगना बताया जा रहा है। इसके बाद आग बगल में स्थित दुकान वंदना हैंडलूम, मास्को शू और जय बालाजी ड्राइ फ्रुट्स तक पहुंच गई। स्थानीय व्यापारियों और लोगों की मदद से दुकानों में रखे सामानों को आनन फानन में निकाला गया जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। इसके बाद भी लाखों का नुकसान होना व्यापारी बता रहे हैं। देर रात तक आग बुझाने का प्रयास जारी रहा। बीच बीच में दुकानों से आग की लपटे निकलती रही। जिससे व्यापारियों में अफरातफरी का माहौल था।

कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया कि लोगों से सूचना मिली गोलबाजार अमरनाथ के बाजू के दुकान से धुंआ निकल रहा है। इसमें आग लगने की संभावना जताई। तत्काल कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल उक्त दुकान को खुलवाकर देखे तो पूरा धुंआ भरा हुआ था। दुकान का सर्च करने पर वहां आग नहीं लगी हुई थी। इसके बाद पुलिस ने बगल के जूता, कपड़ा और ड्राइफुट के दुकान के शटर को खुलवाकर देखा तो पूरा धुंआ भरा हुआ था। चारों दुकान में आग लगी हुई थी। इस दौरान आग और धुएं की लपटें दूसरे माले तक भी पहुंचने लगी। इससे लोगों में भगदड़ सी हालत रही। एसडीआरएफ की टीम की मदद से दुकानों में आग बुझाने की कोशिश की गई जिसमें काफी देर बाद सफलता मिली।



### बगल में ही बिजली का खंभा और झूलते तार

गोलबाजार में जिस महामाया साड़ीज की दुकान में आग लगी उसके सामने एक हाथ की दूरी पर बिजली का खंभा है। इस खंभे में झूलते तार हमेशा ही दुर्घटना की आशंका बनाए रखते हैं। आग लगने के बाद सबसे अधिख खतरा और डर इसी खंभे से था। आशंका इसी बात की थी कि यदि आग ने इस खंभे और तार को अपनी चपेट में ले लिया तो क्या होगा।

### एक घंटे बंद थी लाइट, अचानक बढ़ा लोड

गोलबाजार व्यापारी संघ के हर्षित केशरवानी के मुताबिक इस आग लगने की पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग की है। उन्होंने बताया कि सभी दुकानदार जहां आग लगी है वे 10 बजे दुकान बंद करके घर चले गए थे। इस दौरान सब कुछ ठीक था। गोलबाजार में एक घंटे से लाइट बंद थी। साढ़े 10 बजे के करीब अचानक लोड़ बढ़ा है और इसी से शार्ट सर्किट लगने की आशंका है। आग लगने की जानकारी बिजली विभाग को दी गई। सबसे पहले तो शिकायत केन्द्र में किसी ने फोन नहीं उठाया और बाद में जब आफिस में जाकर सूचना दी गई तो दो घंटे बाद लाइट बंद की गई। इससे दमकल को आगे बुझाने में देरी हुई।

### दुकानों के बीच में दीवाल नहीं सिर्फ प्लाई

व्यापारियों के मुताबिक शुरूआत में आग इतनी बड़ी नहीं थी। एक साड़ी की दुकान में आग लगने के बाद इस पर आसानी से काबू पाया जा सकता था लेकिन सभी चार दुकानें आपस में जुड़ी हुई हैं। इन दुकानों के बीच में किसी प्रकार का कोई पक्का दीवाल नहीं है। दुकानों के बीच में सिर्फ प्लाई लगाकर अलग किया गया है। इसी प्लाई में लगी आग ने चारों दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। व्यापारियों के मुताबिक सभी चारों दुकानें किराएं पर है और काम्प्लेक्स मालिक को कई बार पक्के दीवाल के बारे में बोला गया लेकिन किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की गई और आज यह हादसा होने से बड़ा नुकसान हो गया।

### व्यापारियों और लोगों ने किया सहयोग

आग लगने की जानकारी मिलते ही गोलबाजार और सदर बाजार के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में व्यापारी वहां पहुंच गए। इन व्यापारियों ने आग बुझाने के साथ ही दुकानों से सामान खाली करने में काफी सहयोग किया। एक दूसरे का हाथ बटाते हुए चारों दुकानों में घुसकर आग और धुएं के बीच सामान निकालने में मशक्कत भी करनी पड़ी। मास्को शू दुकान के संचालक विकास माखिजा के मुताबिक लोगों के सहयोग के कारण सामान निकाला जा सका नहीं तो नुकसान और बड़ा हो सकता था। हालांकि इसी बीच भीड़ को नियंत्रित करने में भी पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी।

# फरार आरोपी ने महिला के नाम खरीदी 26 लाख की जमीन, अब होगी कुर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मनिहारी दुकान चलाने वाला का बेटा महज डेढ़ साल में लोगों को 40 दिन में डबल पैसा देने का झांसा देकर ठगी कर करोड़पति बन गया। मामले की जांच में चौकाने वाला नया खुलासा हुआ उसने मालिश करने वाली महिला के नाम पर तिफरा में 1200 वर्गफीट जमीन खरीदी है जिसकी कीमत 25 लाख 80 हजार रुपए है। पुलिस ने उक्त जमीन को कुर्क करने के लिए कोर्ट में प्रतिवेदन पेश किया है। 40 दिन में डबल राशि देने का झांसा देकर 100 से अधिक लोगों से 1 करोड़ से अधिक की ठगी के मामले को सिविल लाइन पुलिस गंभीरता से जांच करने में लगी हुई है। जांच में खुलासा हुआ है फरार आरोपी सिंधी कालोनी निवासी हीरा भगवानी ने मालिश करने का काम करने वाली बोदनी बाई के नाम तिफरा में 1200 वर्ग फीट जमीन खरीदी थी, जिसकी कीमत 25 लाख 80 हजार रुपए है।


⏭शेष 5 पर




पुलिस कर रही संपत्ति की जांच

मनिहारी दुकान चलाने वाले का बेटा ठगी कर डेढ़ साल में बना करोड़पति

ठगी के फरार मुख्य आरोपी की पत्नी गिरफ्तार

30 लोगों से 57 लाख की ठगी, एक गिरफ्तार

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

■ जमीन कुर्क करने सिविल लाइन पुलिस ने कोर्ट में प्रतिवेदन किया पेश

### प्रतिवेदन पेश किया गया

बीएनएस की धारा 107 के तहत फरार आरोपी के द्वारा ठगी के रकम से खरीदी गई तिफरा के जमीन को कुर्क करने के लिए कोर्ट में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। पुलिस अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरत रही है।

- **निमितेश सिंह परिहार**, सीएसपी सिविल लाइन

# ट्रेन की टक्कर से भालू की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दपूमरे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच ट्रेन की टक्कर से भालू की मौत हो गई। चालक ने ट्रेन रोकने के बाद सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दी। विभागीय स्टाफ के मौके पर पहुंचने के बाद लाइन पर पड़े भालू के शव को हटाकर ट्रेन को आगे रवाना किया गया।

बिलासपुर से कटनी के बीच दूसरी और तीसरी लाइन को पहाड़ी एरिया और जंगल क्षेत्र से निकाला गया है, जहां वन्यप्राणियों की संख्या भी अधिक होती है। विशेषकर खोंगसरा, भनवारटंक से लेकर उमरिया तक भालू, टाइगर, तेंदुआ सहित शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणी रेल लाइन के आसपास ही विचरण करते रहते हैं, जिसके कारण प्रतिमाह वन्यप्राणियों की ट्रेन की टक्कर से मौत हो जाती है। इसी तरह की घटना सुबह 4 बजे बिलासपुर-कटनी सेक्शन के बीच जिले के सामान्य वन मंडल अंतर्गत



घुनघुटी परिक्षेत्र में हुई। रेलवे ट्रैक को पार कर रहा एक भालू तेज गति से लाइन पर आने वाली ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की रफ्तार तेज होने के कारण चालक की भी नजर भालू पर नहीं गई, जिसके कारण जबरदस्त टक्कर से भालू की ट्रेन के नीचे आते ही मौके पर मौत हो गई। अचानक टक्कर की आवाज आने के बाद चालक ने तत्काल ट्रेन रोक दी और सूचना संबंधित विभाग को दी। घटना की सूचना मिलते ही घुनघुटी परिक्षेत्र की वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और भालू के शव को अपने कब्जे में लिया। वन विभाग के अनुसार इस तरह की घटना लगातार हो रही है। जंगल के लगे रेल मार्ग से गुजरते समय जंगली वन्यप्राणी अक्सर ट्रेन की चपेट में आ रहे हैं।

# 10 कंप्यूटिंग डिवाइस के लिए तीन टेंडर, 25 लाख की खरीदी कर ली गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खरीदी बिक्री नियमों की अवहेलना के साथ ही जैम पोर्टल के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले के शिक्षा विभाग ने 25 लाख रुपए की खरीदी कर ली है। सीपीयू के साथ इंटरैक्टिव पैनल की खरीदी के लिए जांजगीर के बनारी गांव के एक स्टार्टअप कंपनी को पूरा ठेका दे दिया गया। कुल 10 नग पैनल की खरीदी के लिए तीन अलग-अलग टेंडर जारी किए गए। रिवर्स बीडिंग नियम से बचने के लिए 25 लाख की खरीदी एक साथ नहीं की गई और 10-10 लाख के दो टेंडर और 5 लाख का एक टेंडर जारी किया गया। खास बात है कि तीनों टेंडर एक ही कंपनी को एक ही दिन 4 सितंबर 2025 को दे दिए गए जबकि नियमों के मुताबिक तीन अलग-अलग कंपनियों से निविदा मंगाते हुए अनुबंध किया जाना था। मामले की शिकायत अब लोक शिक्षण संचनालय से हुई है और जांच की बात कही जा रही है।

हरिभूमि के पास उपलब्ध दस्तावेजों पर नजर डाले तो गौरेला पेण्ड्रा मरवाही शिक्षा विभाग ने 75 इंच डिस्प्ले सीपीयू के साथ इंटरैक्टिव पैनल की खरीदी लिए जैम पोर्टल पर विज्ञापन जारी किया। कुल 10 नग पैनल की खरीदी होनी थी तो नियमों के तहत एक साथ किसी कंपनी से अनुबंध किया जाना था। जीपीएम के शिक्षा विभाग ने लेकिन इसका पालन नहीं किया। इसके साथ ही कम से कम तीन कंपनियों से निविदा मंगाई जानी थी। यह भी नहीं किया गया और जांजगीर की के बनारी गांव की एक कंपनी से सीधे अनुबंध कर लिया गया। नियमों के मुताबिक कुल 25 लाख खरीदी के लिए एक साथ टेंडर जारी कर दिया जाना था और इसमें रिवर्स बीडिंग का प्रावधान है लेकिन शिक्षा विभाग ने इसका पालन भी नहीं किया।

अलग खबर



■ गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले के शिक्षा विभाग का मामला, अब जांच की बात

■ जांजगीर के बनारी गांव के एक स्टार्टअप कंपनी को पूरा ठेका दे दिया गया

### नियमों से बचने सारा खेल

नियमों से बचने और चहेते को टेंडर देने के लिए जीपीएम शिक्षा विभाग ने सारा खेल खेला। जानकारों के मुताबिक 10 नग सीपीयू के साथ इंटरैक्टिव पैनल की खरीदी एक साथ होनी चाहिए थी लेकिन जानबूझकर इसे तीन भागों के टेंडर में विभक्त किया गया। पहले और दूसरे टेंडर में चार-चार नग पैनल खरीदी का टेंडर था तो तीसरे में 2 नग की पैनल की खरीदी की गई। प्रति पैनल दो लाख 49 हजार 999 रुपए का रेट जांजगीर की इस संबंधित कंपनी ने दिया। इस तरीके से पहले टेंडर में 9 लाख 99 हजार 996 रुपए, दूसरे टेंडर में 9 लाख 99 हजार 996 रुपए और तीसरे टेंडर के तहत 4 लाख 99 हजार 998 रुपए की खरीदी की गई।

### जांच कराई जाएगी

फिलहाल तो इस तरह की शिकायत किसी ने नहीं की है लेकिन जिस तरह से आप बता रहें हैं वह गलत है। जैम पोट्रल के साथ ही टेंडर के नियमों की अवहेलना नहीं की जा सकती। इस बारे में जानकारी लेने के साथ ही जांच कराई जाएगी।

- **आशुतोष चावरे**, उपसंचालक, लोक शिक्षण संचालनालय

### अधिकतम डेढ़ लाख रुपए में उपलब्ध

गौरतलब है कि सीपीयू वाला इंटरैक्टिव पैनल एक स्टैंड अलोन कंप्यूटिंग डिवाइस होता है जो बिना किसी बाहरी पीसी या लैपटॉप के एप्लिकेशन चलाने, इंटरनेट से जुड़ने और कार्यों को करने में सक्षम होता है। यह डिस्प्ले की विजुअल क्षमता को कंप्यूटर की शक्ति के साथ जोड़ता है और शिक्षा, कॉर्पोरेट प्रशिक्षण, मीटिंग और सार्वजनिक स्थानों पर सहयोग, उत्पादकता और संचार को बेहतर बनाने के लिए उपयोग होता है। हरिभूमि ने इस बारे में जानकारी ली तो पाया कि गौरेला पेण्ड्रा मरवाही शिक्षा विभाग ने जिस पैनल की खरीदी ढाई लाख रुपए में की है वह बाजार में अधिकतम मूल्य डेढ़ लाख रुपए में उपलब्ध है। सबसे बड़ी बात कि छग के बड़े शहरों और बड़ी कंपनियों को छोड़कर जांजगीर के एक गांव से इस तरह की खरीदी सवालों के घेरे में है।

### आडिट से बचने तीन अलग-अलग आर्डर

जानकारों के मुताबिक अगर किसी संस्था ने एक ही दिन, एक ही आइटम के लिए 10 लाख, 10 लाख और 5 लाख के तीन अलग-अलग अनुबंध किए हैं, तो इसके पीछे अधिकतम टेंडर से बचना हो सकता है। जैम पोर्टल की खरीदी प्रक्रिया पर नजर डालें तो 5 लाख तक की खरीदी सीधे संभव है। 5 से 25 लाख तक में एल 1 बोली की आवश्यकता होती है और बीडिंग के साथ ही रिवर्स आक्शन करना पड़ता है। अब साफ है कि जीपीएम शिक्षा विभाग द्वारा बड़ी मात्रा में खरीदी करने के लिए एक साथ ऑर्डर किया जाता तो बोली प्रक्रिया या उच्च स्तर की मंजूरी अनिवार्य हो जाती। इसलिए अलग-अलग अनुबंध करके नियमों की "सीमा" से बचा गया। इसके साथ ही एक ही सप्लायर से तीन ऑर्डर अलग-अलग किए गए जिससे की भविष्य में ऑडिट में "एक ही ठेकेदार को एक ही बार में बड़ी राशि का ऑर्डर देने" पर सवाल न उठे।

# भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

हर साल 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का सृजनकर्ता और प्रथम शिल्पकार के रूप में जाना जाता है। माना जाता है कि ब्रह्माजी के कहने पर विश्वकर्मा ने दुनिया बनाई थी। इस दिन रवि नामक शुभ संयोग भी बन रहा है, जिससे इस दिन का महत्व भी बढ़ गया है। उन्होंने ही भगवान कृष्ण की द्वारका से लेकर शिवजी का त्रिशूल और हस्तिनापुर बनाया था। विश्वकर्मा जयंती के दिन लोग अपने दफ्तर, कारखाने, दुकान, मशीन, औजार की पूजा करते हैं। साथ ही इस दिन वाहनों की भी पूजा की जाती है।



## विश्वकर्मा जयंती का महत्व

भगवान विश्वकर्मा को ही सृष्टि का पहला वास्तुकार, शिल्पकार और इंजीनियर माना जाता है। इस दिन भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और नौकरी व व्यापार में उन्नति के योग बनते हैं। साथ ही इस दिन मशीन, औजार और वाहन आदि की पूजा करने से वे कभी बीच काम या वक्त बेवक्त धोखा नहीं देते, जिससे काम आसानी से पूरे हो जाते हैं। साथ व्यापार या निर्माण आदि संबंधित कार्यों में कोई रुकावट नहीं आती है और सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं। इससे मशीनरी पर खर्च भी कम होता है और पूरा कार्य भी होता है।

## विश्वकर्मा जयंती पूजा विधि

विश्वकर्मा जयंती पर सुबह जल्दी उठकर स्नान व ध्यान करें और साफ कपड़े पहनें। इसके बाद ऑफिस, दुकान, वर्कशॉप, फैक्ट्री आदि छोटे या बड़े संस्थान की पूरी तरह साफ सफाई करें। साथ ही सभी उपकरण, औजार, सामान, मशीन की भी साफ सफाई करें। फिर पूरी जगह गंगाजल से छिड़काव करें। पूजा के लिए सबसे पहले पूजा स्थल पर कलश स्थापित करें और फिर चौकी पर लाल या पीला कपड़ा बिछाकर विश्वकर्मा की तस्वीर या मूर्ति स्थापित करें और माला पहनाएं। इसके बाद हाथ में फूल और अक्षत लेकर ध्यान करें। इसके बाद फूल अक्षत लेकर मंत्र पढ़ें और चारो ओर छिड़कें। इसके बाद सभी मशीन व औजार आदि पर रक्षा सूत्र बांधे और प्रणाम करें। फिर भगवान को फल, मिष्ठान आदि का भोग लगाएं। साथ में पूरे संस्थान और मशीन, औजार आदि चीजों की भी आरती करें। पूजन में भगवान विष्णु का भी ध्यान करें और यज्ञ आदि का आयोजन करें। जहां पूजा कर रहे हों, उस परिसर में हर जगह आरती लेकर जाएं और भोग सभी में वितरण कर दें। पूजा के बाद भगवान विश्वकर्मा से सफलता की कामना करें।




























# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 17 सितंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




समारोह

## महिलाओं ने बिंगो हाऊजी गेम में जीता इनाम



**बिलासपुर।** महिला समिति द्वारा श्री अग्रसेन जयंती समारोह में मंगलवार को महिलाओं को बिंगो हाऊजी खिलाया गया। जिसके आयोजिकाएं सुनीता प्रवीण,ममता अनिल,सुनीता तुलसी कुंज, रजनी अग्रवाल,पूजा जाजोदिया,सरिता सजन, प्रीती विष्णु,सुषमा अग्रवाल इंदु रही। वही समय पर आने वाले में रूबी अग्रवाल,सुषमा अग्रवाल,नेहा सराफ रही 500 महिलाओं ने बिंगो का मजा लिया महिलाओं को लक्की टिकट पर रश्मि संथालिया द्वारा मिलेट्स के गिफ्ट दिया। फर्स्ट फुल हाउस की विजेता अन्नू आनंद अग्रवाल रही दूसरे हाउस की विजेता सीमा प्रमोद और तीसरे नंबर पर सरोज हनुमान अग्रवाल रही। समाज की अध्यक्ष रंजना अग्रवाल ने सभी को बधाई दी। रंजना अग्रवाल, वंदना जाजोदिया के साथ पूरी कार्यकारिणी मौजूद रही।

धर्म-क्षेत्र

## संतान की लंबी उम्र और खुशहाली के महिलाओं ने जीवितपुत्रिका व्रत रखा

**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर मे लंबी उम्र और खुशहाली के लिए बेटा जितिया जीवित पुत्रिका व्रत को मनाया गया। यह व्रत पहले दिन पर स्त्रियां स्नान करके भोजन करती हैं, दूसरे दिन (अष्टमी)



निर्जला उपवास रखती हैं और रेत से बनाया गया पार्थिक शिवलिंग की पूजा करती हैं यह व्रत का मुख्य दिन होता है। इस दिन महिलाएं पानी भी ग्रहण नहीं करतीं और पूरे दिन निर्जला उपवास करती हैं, सुबह 4 बजे उठकर चिचिरदा का दातुन कर स्नान कर महिलाएं शिव जी पार्थिक शिवलिंग की पूजा करती हैं। धागे की माला बेटा जुतिया को शिवलिंग में चढ़ाकर महिलाएं गले में पहनते हैं एवं भीगा 21 चना को निगलती हैं। जीवित्पुत्रिका व्रत की कथा सुनी जाती है, इसके बाद ही महिलाएं फलाहार ग्रहण करती हैं। यह व्रत मुख्य रूप से संतान की लंबी आयु, स्वास्थ्य और सौभाग्य की कामना के लिए रखा जाता है। इस व्रत में दीपमालिका गुप्ता, सुजाता गुप्ता, लेखनी गुप्ता, रितु गुप्ता, गायत्री गुप्ता सहित व्रती महिलाए एवम बच्चे उपस्थित थे।

सम्मान

## अभियंता भवनों या पुलों के निर्माता नहीं बल्कि भविष्य के शिल्पकार

**बिलासपुर।** मंजू दीदी ने अभियंताओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सम्मान मे कहा कि यह समाज की प्रगति और विकास के लिए अपनी बुद्धि, श्रम और तकनीकी कौशल का योगदान देते हैं।



अभियंता केवल मशीनों, भवनों या पुलों के निर्माता नहीं होते, बल्कि वे वास्तव में भविष्य के शिल्पकार होते हैं। ब्रह्मा कुमारीज की दृष्टि से देखा जाए तो अभियंता का कार्य केवल बाहरी संरचनाएँ बनाना नहीं है, बल्कि भीतर की आत्मा और समाज का भी निर्माण करना है। जैसे कोई भवन मज़बूत नींव पर टिकता है, वैसे ही हमारे जीवन को भी मज़बूत नींव की आवश्यकता होती है। यह नींव है,शांति, सत्य, पवित्रता और करुणा जैसे आध्यात्मिक मूल्य। विज्ञान और तकनीक निरंतर आगे बढ़ रही है। नई-नई मशीनें बन रही हैं, ऊँचे-ऊँचे भवन खड़े हो रहे हैं, डिजिटल दुनिया का विस्तार हो रहा है। लेकिन यदि चरित्र और आत्मिक शक्ति कमजोर हो, तो यह प्रगति अधूरी रह जाती है।

# स्टोन, मिट्टी के कलात्मक श्रृंगार से सजी दुर्गा प्रतिमा रहेगी दर्शनीय

शारदीय नवरात्रि के साथ 22 सितंबर से शुरू हो रही है। इस पूजा को उत्साह से मनाने शहर के अनेक स्थानों में दुर्गा की प्रतिमा आकर्षक व संदेशात्मक झांकी के साथ स्थापित की जाएगी। मूर्तिकारों द्वारा स्टोन, मिट्टी से कलात्मक श्रृंगार के साथ इन मूर्तियों को आकार दिया जा रहा है। दुर्गा पूजा के दौरान देवी दुर्गा की विधि-विधान से पूजा की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यह एक प्रमुख त्योहार है, जो शारदीय नवरात्रि के दौरान मनाया जाता है। इस पर्व को दुर्गोत्सव के नाम से भी जाना जाता है। शारदीय नवरात्रि में दुर्गोत्सव षष्ठी, महासप्तमी, महाष्टमी, महानवमीं और विजयादशमी को विशेष रूप से मनाया जाता है। देवी दुर्गा का धरती पर आगमन देवी पक्ष के पहले दिन होता है और दुर्गा विसर्जन के दिन वह प्रस्थान करती हैं। दुर्गा मां के आगमन और प्रस्थान वाले दिन महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इन दिनों से आने वाले समय का अनुमान किया जाता है और यह माना जाता है कि मां के आगमन और प्रस्थान से भविष्य में शुभ और अशुभ स्थितियों का संकेत मिलता है।





### षष्ठी तिथि को मूर्ति स्थापना

दुर्गा पूजा की शुरुआत 28 सितंबर को षष्ठी तिथि के दिन होगी। इस दिन मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना की जाएगी। यह दिन दुर्गा पूजा की मूर्ति स्थापना के लिए शुभ माना गया है। इस दिन सुबह 6:08 बजे से लेकर 10:30 बजे तक मूर्ति स्थापना का शुभ मुहूर्त रहेगा। संधि पूजा 30 सितंबर मंगलवार को अष्टमी तिथि के दिन होगी। अष्टमी और नवमीं के संधिकाल में रात्रि 7:36 से 8:24 बजे तक 108 दीपों और 108 कमल पुष्पों से मां की पूजा की जाएगी। यह समय मां दुर्गा के चामुंडा रूप की आराधना के लिए अत्यंत विशेष होता है। विजया दशमी के दिन 2 अक्टूबर गुरुवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन नदियों और तालाबों में किया जाएगा।

### जापानी स्टाइल में बन रही मूर्ति

सीएमडी चौक में जापानी स्टाइल में दुर्गा की प्रतिमा बनाई जा रही है। मूर्तिकार सूजित सूत्रधर ने बताया कि पूरी मूर्ति को स्टोन वर्क में सजाया जा रहा है। बनने के बाद दुर्गा की यह प्रतिमा काफी आकर्षक लगेगी एवं लोगों के बीच आकर्षण की केंद्र रहेगी।

### पानी पुरी थीम की रहेगी प्रतिमा

नवयुवक दुर्गोत्सव समिति मसानगंज द्वारा मसानगंज में पानी पुरी थीम में मूर्तियां बैठाई जाएगी। मूर्तिकार ने बताया कि एक बड़े गुपचुप में देवी की तीन मूर्तियां बनाई जा रही है। बड़ी माता 10 फीट तो दो छोटी माता 8-8 फीट की रहेगी। तीनों मूर्तियां भगवा वेश में ध्यान मुद्रा में दिखेंगी। इस मूर्ति के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कण-कण में भगवान है।

### दिखेंगी शांत व रौद्र रूप में

जोरापारा सरकंडा में दुर्गा की दो प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इसमें एक 12 फीट की मूर्ति बब्बर शेर से लड़कर आती हुई रौद्र रूप तो छोटी मूर्ति शांत रूप में दिखेगी। देवियों का पूरा श्रृंगार अजंता पैटर्न पर होगा।

### मिट्टी से होगा कलात्मक श्रृंगार

राजेन्द्र नगर में स्थापित प्रतिमा का श्रृंगार शुद्ध मिट्टी से कलात्मक तरीके से किया जाएगा। इस श्रृंगार से देवी की मूर्ति काफी आकर्षक लगेगी। यह शुद्धता का संदेश भी देगा। इसके अलावा शहर में और कई तरह की छोटी-बड़ी मूर्तियां बन रही है।

### दस दिनों की होगी नवरात्रि, गजराज की सवारी पर आएंगी मां

इस बार शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से प्रारंभ हो रही है, समापन एक अक्तूबर को होगा, चतुर्थी तिथि में वृद्धि के कारण नवरात्र नौ की बजाय 10 दिन की हो रही है। नवरात्र में हर बार मां दुर्गा अलग-अलग सवारी से पृथ्वी लोक पर आगमन व प्रस्थान करती हैं। इस शारदीय नवरात्रि मां भगवती हाथी यानी गजराज पर सवार होकर आएगी। पंडित रामेश्वर मिश्रा ने बताया कि नवरात्रि की शुरुआत सोमवार से होने के कारण मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आयेंगी और हाथी पर ही प्रस्थान करेंगी, नवरात्रि में मां के हाथी पर आगमन और प्रस्थान को धार्मिक रूप से बहुत शुभ माना जाता है, जो सुख, समृद्धि और अच्छे फल का संकेत देता है। पंडित ने बताया कि सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है, ऐसे में सोमवार 22 सितंबर के दिन से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होगी. वहीं, एक अक्तूबर को शारदीय नवरात्र की नवमी होगी,जबकि दो अक्तूबर को विजयादशमी मनाया जाएगा। माता के नौ स्वरूपों की अलग-अलग दिन पूजा की जाएगी, घटस्थापना मुहूर्त सुबह 6 बजकर 9 मिनट से लेकर सुबह 8 बजकर 06 मिनट तक है। इसके बाद अभिजीत मुहूर्त में घटस्थापना कर सकते हैं, अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 49 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 38 मिनट तक है। साधक अपनी सुविधा अनुसार समय पर घटस्थापना कर मां दुर्गा की पूजा कर सकते हैं। इन दिनों मां के 9 स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है, 9 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में भक्त व्रत, उपवास, घटस्थापना, दुर्गा पूजन और कन्या पूजन जैसे अनुष्ठान करते हैं। माना जाता है कि नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की उपासना करने से घर में सुख-शांति, समृद्धि और नकारात्मकता से मुक्ति मिलती है।

## पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आगाज

# छग के विकास में एकजुट होकर काम करने की जरूरत



संगोष्ठी में देशभर के विषय विशेषज्ञ होंगे शामिल

**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला व अटल बिहारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एडीएन वाजपेयी उपस्थित रहें, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वीके सारस्वत ने की।

सरस्वती वंदना व अतिथियों के परिचय उपरांत विशिष्ट अतिथि अटल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एडीएन वाजपेयी ने छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया से अपना उद्बोधन शुरू करते हुए कहा कि पहले के छत्तीसगढ़ और अब के छत्तीसगढ़ में बहुत अंतर है। समय के साथ देश के विकास में छत्तीसगढ़ की भूमिका बहुत बड़ी है। पुराने समय में छत्तीसगढ़ का प्रचार दुर्बल राज्यों की श्रेणी में हुआ। उन्होंने कहा कि जिस राज्य ने पंडित सुंदरलाल शर्मा, वीर नारायण सिंह, ई. राघवेंद्र राव, पंडित रविशंकर शुक्ला जैसे साहसी और विद्वान दिए, वह राज्य कमजोर नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ न पहले कमजोर था न अब कमजोर है और आगे कभी कमजोर नहीं रहेगा। छत्तीसगढ़ की महत्ता के संदर्भ में उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी भी बहुत काम करने की जरूरत है। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए हम सबको आगे आना होगा और प्रयास तेज करना होगा, जिससे देश के विकास में हमारी भूमिका ज्यादा से ज्यादा हो सकें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने छत्तीसगढ़ को देश के 26 वें राज्य के रूप में अस्तित्व में लाने वाले स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि सामान्यतः राजनीतिक निर्णय दल के आधार पर होते हैं लेकिन हमारे प्रदेश को बनाने का निर्णय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने दिल के आधार पर लिया। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. संजय अलंग ने अपने कहा कि विश्वविद्यालय का मतलब डिग्री या पढ़ाई से नहीं बल्कि शोध से है। उन्होंने कहा कि हमें शोध को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा देना चाहिए।आयोजन की अध्यक्षता कर रहे पण्डित सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. वीके सारस्वत ने कहा कि अंबिकापुर से बस्तर तक संपूर्ण छत्तीसगढ़ ऋषियों की धरती रही है। ऋषि-मुनि यानी उस समय के शोध करने वाले वैज्ञानिक। स्वागत उदबोधन व विषय प्रस्तावना संयोजक प्रोफेसर हीरालाल शर्मा ने किया, वही धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव भुवन सिंह राज ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्राध्यापकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण, शोधार्थीगण, शिक्षार्थीगण समेत जन सामान्य उपस्थित रहे।

### प्रथम सत्र का विषय छत्तीसगढ़ नामकरण

ऐतिहासिक विश्लेषण पर कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रो. रमेंद्र नाथ मिश्र और मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. संजय अलंग ने अपने विचार साझा किए। मुख्य वक्ता डॉ. संजय अलंग ने छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक महत्व को बताते हुए कलचुरी वंश, जो महिष्मती से होकर जबलपुर के तहल, कौशल प्रांत से छत्तीसगढ़ के चिल्फी घाटी से महाकौशल साम्राज्य का उद्भव हुआ, पर प्रकाश डाला। कलचुरी वंश ने देशी रियासतों को अपने में मिलाते हुए साम्राज्य बढ़ाया। श्री अलंग जी ने छत्तीसगढ़ की तीनों तरह की भूमि का उल्लेख करते हुए बताया कि तहसीलें कैसे गढ़ में परिवर्तित हुई। तत्पश्चात छिंदवाड़ा के देवगढ़ से गोंड शासन का आना, शिवाजी के वंशज भोंसले का नागपुर में सत्ता में आना और उनके द्वारा कौशल प्रांत के 36 स्थानों से धन लाने की परंपरा के कारण ही यह प्रदेश छत्तीसगढ़ के नाम से जाना जाने लगा।

### छत्तीसगढ़ का सांस्कृतिक गौरव

कल, आज और कल पर कार्यक्रम की अध्यक्षता इतिहास विभाग गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के प्रो. प्रवीण कुमार मिश्र और मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त प्रो. रमेंद्र नाथ मिश्र ने अपने विचार साझा किए। मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त प्रो. रमेंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि हमारी नई पीढ़ी को छत्तीसगढ़ का इतिहास, वर्तमान एवं भविष्य के बारे में पढना चाहिए। प्रो. मिश्रा ने छत्तीसगढ़ के स्वतंत्र सेनानियों का उल्लेख करते हुए उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों की चर्चा की। स्वतंत्रता के लिए छत्तीसगढ़ द्वारा दिए गए दान का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. प्रवीण कुमार पाण्डेय ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप में राहुल कुमार सिंह उपस्थित रहे। व्याख्यान में प्रो. प्रवीण कुमार पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ की पुरातात्त्विक धरोहरों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रदेश की धरती हजारों वर्षों से सांस्कृतिक और ऐतिहासिक वैभव को समेटे हुए है। मुख्य वक्ता राहुल कुमार सिंह ने अपने व्याख्यान में छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक परंपराओं, विभिन्न राजवंशों, सांस्कृतिक निरंतरता और मंदिर स्थापत्य पर विस्तार से चर्चा की।

### देश के अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित होंगे - साव

आयोजन के वर्चुवल रूप में शामिल हुए मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ का उल्लेख सभी कालों में मिलता है। छत्तीसगढ़ में प्रकृति की असीम कृपा है। एक तरफ जहां बड़ी-बड़ी नदियां हैं बड़े-बड़े जंगल हैं पहाड़ है कोयले से लेकर हीरे तक का भंडार है। वहीं दूसरी तरफ उससे बढ़कर यहां के सीधे, सरल, मेहनती, ईमानदार लोग है जो कि छत्तीसगढ़ की असली ताकत है। छत्तीसगढ़ के गठन के बाद इन 25 सालों में हमारे प्रदेश में हर स्तर पर तरक्की की है। चाहे वह कृषि के उत्पादन का मामला हो, शिक्षा के स्तर का मामला हो, अधोसंरचना का मामला हो, स्वास्थ्य सुविधाओं का मामला हो। उन्होंने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ की कल्पना को लेकर हमारी सरकार लगातार काम कर रही है, जिसके आधार पर हम निश्चित रूप से जल्द से जल्द देश के अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित होंगे।

स्पोर्ट्स न्यूज

## एशिया पैसिफिक स्पेशल ओलंपिक बैडमिंटन प्रतियोगिता मलेशिया के कुआलालंपुर में

# बैडमिंटन कोच के रूप में डॉ कविता करेंगी प्रतिनिधित्व

**एसओबी भारत एवं मध्य प्रदेश के बैनर तले राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन ग्वालियर में किया गया जिसमें लगभग सभी राज्यों से टीमों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में एसओबी छत्तीसगढ़ की टीम ने भाग लिया जिसमें एथलीट सिमरन पुजारा एवं कोच के रूप में डॉ कविता पुजारा ने भाग लिया। जिसमें सिमरन ने अच्छा प्रदर्शन दिखाते हुए मैच में प्रथम स्थान हासिल किया और राष्ट्रीय कोचिंग तैयारी शिविर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।**





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोच डॉ कविता पुजारा का चयन राष्ट्रीय कोचिंग तैयारी शिविर 1 के लिए चयन समिति द्वारा किया गया। कोच चयन में सभी राज्यों के कोचों ने भाग लिया। जिसमें डॉ कविता पुजारा ने शानदार प्रदर्शन देते हुए अपना स्थान सुनिश्चित करवाया। छत्तीसगढ़ से एथलीट सिमरन पुजारा एवं कोच डॉ कविता पुजारा ने भाग लिया। राष्ट्रीय कोचिंग तैयारी शिविर 1 का आयोजन ग्वालियर में हुआ, जिसमें विजेता खिलाड़ियों को व चयनित कोचों को आमंत्रित किया गया। जहां 8 दिनों तक ट्रेनिंग कराई गई, फिर अंतिम दिवस में प्रतिस्पर्धा कराई गई जिसमें विजेता खिलाड़ियों एवं चयनित कोचों को राष्ट्रीय कोचिंग तैयारी शिविर 2 के लिए आमंत्रित किया गया। जिसमें सिमरन पुजारा अपना अच्छा प्रदर्शन देते हुए केरला की टीम से हार गई व इस रेस से बाहर हो गई। लेकिन कोच डॉ कविता पुजारा की सफल प्रशिक्षण कार्यक्रम में भागीदारी व बच्चों के प्रति समर्पित भाव देख के चयन समिति ने कोच डॉ कविता पुजारा को राष्ट्रीय कोचिंग तैयारी शिविर 2 के लिए चयनित कि, जो कि छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। इस उपलब्धि के लिए एओबी छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष अरुंधति कुलकर्णी, उपाध्यक्ष भूपेंद्र कुलदीप, एरिया डायरेक्टर डॉ प्रमोद कुमार तिवारी, यितेश साहू, राघवेंद्र प्रताप, परिवेश ठाकुर, रवि जैन एवं समस्त सदस्यों ने हर्ष जताया।

### सभी प्रतिभागी रवाना

सभी प्रतिभागी दिल्ली से मलेशिया के लिए रवाना होंगे। 20 सितंबर तक होने वाले इस आयोजन में बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया, मालदीव, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, समेत कुल 10 देशों के प्रतिभागी भाग लेंगे।

## बिलासपुर स्नूकर टूर्नामेंट ने दी नई उड़ान

# खेल सिर्फ जीत-हार नहीं जज़्बे व पहचान का प्रतीक

खेल सिर्फ जीत-हार का नाम नहीं है, खेल समाज में ऊर्जा, अनुशासन और पहचान का प्रतीक है। बिलासपुर में हुए स्नूकर टूर्नामेंट ने यह साबित कर दिया कि अगर जज़्बा सच्चा हो तो हर खेल को नई पहचान दी जा सकती है। सितंबर से शुरू हुए स्नूकर टूर्नामेंट में कुल 64 खिलाड़ियों ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों की लंबी श्रृंखला के बाद एडवोकेट अंकुर कश्यप और आज़ातशत्रु सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। वहीं फाइनल में आजात शत्रु विजेता रहे जबकि उपविजेता अंकुर कश्यप रहे। वहीं



विजेता आज़ातशत्रु सिंह
उपविजेता अंकुर कश्यप

आरिफ मोहम्मद और शहज़ाद हुसैन सेमी फाइनल तक ही टिक सके।बता दें 14 सितंबर रविवार को खेले गए इस फाइनल मुकाबले को बिलियर्ड्स एवं स्नूकर फेडरेशन ऑफ इंडिया के नियमों के तहत कराया गया, ताकि खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर जैसा अनुभव मिले। विजेता आज़ातशत्रु सिंह ने बताया कि आने वाले समय में यहां से और भी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचेंगे। वहीं उपविजेता अंकुर कश्यप ने कहा कि टूर्नामेंट का असली मकसद यही है कि लोग स्नूकर को केवल टाइमपास नहीं, बल्कि करियर और सम्मानजनक खेल के रूप में देखें। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिस तरह रायपुर और अन्य शहरों में यह खेल लोकप्रिय है, उसी तरह बिलासपुर से भी बड़ी संख्या में खिलाड़ी निकलेंगे।

## जूडो में ओवरऑल चैंपियन बना बिलासपुर



प्रदेश जूडो संघ के तत्वाधान में जिला में राज्य स्तरीय सब जूनियर व कैडेट जूडो प्रतियोगिता का समापन जिला खेल परिसर में हुआ। जिसमें जिले के खिलाड़ियों में सबसे अधिक पदक प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियन होने का गौरव हासिल किया। जूडो संघ के सचिव राजकुमार जायसवाल ने बताया कि चैंपियनशिप में प्रदेश के सब जूनियर में 5 स्वर्ण पदक व 2 कांस्य पदक तथा कैडेट वर्ग में 7 स्वर्ण पदक व 2 कांस्य पदक प्राप्त करके कुल 12 स्वर्ण तथा 4 कांस्य पदक प्राप्त करके ओवरऑल चैंपियन का किताब उठाया।

## खबर संक्षेप

### जर्जर सड़कों की मरम्मत को लेकर उपमुख्यमंत्री से मिले राजा



**पेंड्रा।** जिले की खस्ताहाल सड़कों को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री से मुलाकात की। उन्होंने जिले की सड़कों को नवरात्रि और दीपावली से पूर्व दुरुस्त करने की मांग रखी। साथ ही पेंड्रा से गौरेला मार्ग के बीच पेंड्रा से सेमरा तिराहा तक गौरव पथ निर्माण हेतु मांग पत्र सौंपा। उक्त मांगों को संज्ञान में लेकर उपमुख्यमंत्री ने शीघ्र कार्य प्रारंभ का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, आशीष पांडेय, संतोष तिवारी और विजय राठौर मौजूद रहे।

### मसना-मसनी में हरिकीर्तन का आयोजन, शामिल हुए श्रद्धालु



**तखतपुर।** हरिकीर्तन का आयोजन मसना-मसनी के भागीरथी साहू निवास में किया गया, जिसमें कीर्तन मंडलियों ने कीर्तन का गायन किया। इस अवसर पर पिल्लूराम साहू ने कहा कि, पितृपक्ष में पितरों की आत्मा की शांति के लिए उन्हें तर्पण के साथ-साथ भगवत भजन का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन पिल्लूराम साहू ने किया। इस अवसर पर चंद्रराम साहू, लेखाराम, गेंदराम, गुहीरा राम, नोहर, तोता राम, चोलाराम, जेठूराम, गंगाराम, चमेली साहू, पुष्पा साहू, रमा साहू, दुर्गा साहू, सरोज साहू, अम्बा साहू, संगीता, मुस्कान, खुशहाल, मीना साहू, तुलसी, रानी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा तखतपुर एवं सकरी के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड तखतपुर के अंतर्गत सभी विभागों के प्रमुखों को कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें संगठन के पदाधिकारी हिमाचल साहू, शशीकांत सोनी, विजय कुमार श्रीवास, विनोद पांडेय, संजय सोनी, शकुंतला क्षत्री, प्रतिभा ठाकुर, नलिनी साहू, शुलक्षणा खांडे, प्रतीत कश्यप, भूपेन कश्यप, राजीव कश्यप, अमलेश पाली, शेखर पांडे, प्रज्ञा नारायण पाली, जितेन ठाकुर, रवि ठाकुर, कामता प्रसाद यादव, प्रदीप उपाध्याय, सुलेखा ध्रुव, एनके बघेल, एनके साहू, पल्लव शर्मा, समीर कौशिक, गुलाम रसूल खान, संदीप ठाकुर, जूगल कश्यप, रामकुमार भोई, अनिल कुमार गुप्ता, धनंजय रजक, दीपक कौशिक, पुरुषोत्तम कौशिक, राजेश लहरे, आरपी शुक्ला, खांडे बाबू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सरपंच संघ ने की रविंद्र एवं गौकरण से मुलाकात



**तखतपुर।** राष्ट्रीय प्रधान मुखिया सरपंच संघ के सचिव रविंद्र यादव एवं प्रवक्ता गौकरण जयराम के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान तखतपुर सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने उनसे मुलाकात कर छत्तीसगढ़ के पंचायती राज व्यवस्था पर चर्चा की। इस दौरान अन्य राज्यों की पंचायती राज व्यवस्था के साथ-साथ सरपंचों के अधिकार, शक्ति, अविश्वास प्रस्ताव, धारा 40, पंचायत निधी, मानदेय आदि बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। साथ ही इन सभी मुद्दों पर पंचायत सम्मेलन कराने के बाद अंतिम निर्णय लेने की बात की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष श्याम सुंदर कश्यप, लक्ष्मी प्रसाद खाण्डे, गुंजय साहू, आदित्य उपाध्याय, शिव मोहन बंजारे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कृषि स्नातक संघ ने सीएम व कृषि मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**पथरिया।** प्रांतीय कार्यकारिणी छग कृषि स्नातक संघ के आह्वान पर पथरिया के कृषि विकास अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एंव कृषि मंत्री के नाम एसडीएम रेखा चंद्रा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालो में मुख्य रुप से राजेश कुमार कुर्रे, संदीप श्रीवास, विपिन बंजारे, निलेश राठौर, लोकेश कुमार कोशले, प्रहलाद कंवर, लीलेश्वर भास्कर, तरुण पटेल, इंद्र कुमार माथुर, अंजली शुक्ला, अनिल कुमार, रामकिंकर साहू आदि मौजूद थे।

## इ‍यूटी के बाद अपने कमरे में जा रहा था जवान

# आरपीएफ जवान की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला

पेंड्रारोड में पदस्थ आरपीएफ जवान की सड़क हादसे में मौत हो गई। दरअसल जवान राम आसरे सरोज खोंगसरा रेलवे स्टेशन में तैनात था, और ड्यूटी के बाद बाइक से अपने रूम जाने करो निकला था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, हादसे में जवान के सिर पर गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की सूचना पर बेलगहना चौकी से पुलिस की टीम मौके पर पहुंची एवं घायल को आनन-फानन में अमगोहा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पंचनामा व पोस्टमार्टम होने के बाद मृतक के शव को आरपीएफ पोस्ट पेंड्रारोड लाया गया, जहां आरपीएफ के बड़े अधिकारियों की मौजूदगी में गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद जवान के शव को उनके गृह ग्राम प्रयागराज उप्र के लिए रवाना कर दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



मृतक कर्मी को श्रद्धांजलि देते अफसर व इनसेट में मृतक।

### हत्या की मंशा से मारपीट करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



**पथरिया।** पडियाईन निवासी सविता रात्रे पति ब्रिज रात्रे उम्र 22 वर्ष ने 12 सितंबर को थाने में लिखित आवेदन दिया कि, 10 सितंबर को उसके ससुर चंदूलाल रात्रे ने उसके गांव के रहने वाले दिलहरण साहू एवं मिलाप उर्फ मिथुन साहू को बिजली का काम करने के लिए घर बुलाया। शाम करीब 6 बजे घर से उसके ससुर, दिलहरण साहू और मिलाप साहू पथरिया के लिए निकले। रात करीब 10 बजे गांव के पंच ने फोन के माध्यम से जानकारी दी कि, चंदूलाल रात्रे जरेली के पास घायल अवस्था में पड़ा है। चंदूलाल रात्रे को एम्बुलेंस 108 के की मदद से पथरिया अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मुंगेली जिला अस्पताल भेज दिया गया। उसके बाद उसको बिलासपुर की एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। सविता रात्रे ने जाकर देखा तो उसके ससुर के सिर पर चोट थी। उसने आशंका जताई कि, उसके ससुर के साथ मिलाप उर्फ मिथुन साहू तथा दिलहरण साहू ने रास्ते में मारपीट कर चोटिल अवस्था में छोड़ दिया। शिकायत पर पुलिस ने धारा 296,115 (2) 126 (2)3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। आहत चंदूलाल रात्रे के होश में आने पश्चात पुलिस ने उससे घटना के संबंध में पूछताछ की तो उसने बताया कि, आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उस पर डंडे से प्राणघातक हमला कर उसे घयल कर दिया।

### स्कूटी और बोलेरा आमने-सामने भिड़े, दो की मौत

**सेतगंगा\ मुंगेली।** स्कूटी और चार पहिया बोलेरो वाहन आमने-सामने भिड़ंत होने से दो लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने सूचना पर एफआईआर दर्ज कर अज्ञात वाहन व चालक की पतासाजी में जुट गई। पुलिस थाना फास्टरपुर सेतगंगा के अंतर्गत ग्राम सिल्ली स्थित कुंवर फ्यूल्स के पास 15 सितम्बर को रात्रि लगभग 7.30 बजे सदूम यादव अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 28, क्यू 2736 से अपने दो साथी विनोद यादव व प्रेमसागर के साथ सेतगंगा से मुंगेली की ओर जा रहे थे। मुंगेली की ओर से आ रही बोलेरे वाहन के चालक द्वारा स्कूटी को टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। स्कूटी चालक सहित दो साथी गंभीर रूप से घायल की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंच कर घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती किया। जहां इलाज के दौरान सदूम यादव की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का पीएम कराने के बाद शव परिजनो को सौप दिया। 16 सितम्बर को लगभग 2 बजे ईलाज के दौरान प्रेमसागर साहू की भी मौत हो गई। पुलिस परिजन की सूचना पर एफआईआर दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक व वाहन की पतासाजी में जुट गई है।



## आधी रात को गाड़ी से पहुंचे चोर, पांच दुकानों के तोड़े ताले

**सीपत।** नगर में एक बार फिर चोरों ने आतंक मचाया है। सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात अज्ञात चोर गाड़ी लेकर पहुंचे और सड़क पर उसे खड़ी कर बेखौफ पांच दुकानों को निशाना बनाया।

चोरों ने यूनियन बैंक, ज्योति इंटरप्राइजेज के पास झलमला निवासी धनंजय साहू की धनंजय ऑटो इलेक्ट्रिकल दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसते हुए करीब 15 हजार रुपए का सामान पार कर दिया। पास की चार और दुकानों में चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन असफल रहे। धनंजय साहू ने पुलिस से की गई शिकायत में बताया कि वह 13 सितंबर की रात दुकान बंद कर घर गया था। दो दिन घर के काम में व्यस्त रहने के बाद 16 सितंबर की सुबह जब वह दुकान पहुंचा तो देखा कि ताला टूटा हुआ है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज देखने पर सामने आया कि रात करीब 2.30 बजे अज्ञात चोर ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुआ। चोर दुकान से 3 नग सेल्फ, 3 नग अल्टीनेटर, 5 नग स्केब बैटरी, 12 नग सेल्फ बॉडी, 8 नग सोलो नाई स्वीच और 4 नग बैंडेक्स उठाकर फरार हो गया। चोरी गए माल की कीमत लगभग 15 हजार बताई गई है। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331 (4), 305 (ए) के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

**शीघ्र होगी गिरफ्तारी**

दुकानों में चोरी के प्रयास की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान की जा रही है। पुलिस टीम लगाई गई है, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

-गोपाल सतपथी, थाना प्रभारी सीपत

## परमहंस कुटीर परिवार के सदस्यों ने 20 बच्चों को लिया गोद

**मुंगेली।** परमहंस कुटीर परिवार के सदस्यों के द्वारा कस्तूरबा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनोबा नगर के 20 बच्चों को गोद लिया गया। इस अवसर पर परमहंस कुटीर परिवार से अध्यक्ष अनिल सोनी, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा, कस्तूरबा महिला कल्याण आश्रम के कोषाध्यक्ष धनेश सोलंकी, सह सचिव दिलीप सोनी उपस्थित थे।

अधिवक्ता वीरेंद्र मिश्रा का स्वागत समिति के सहसचिव दिलीप के द्वारा शाल श्रीफल एवं तिलक से किया गया। अपनी उद्बोधन में श्री सोलंकी के द्वारा कस्तूरबा स्कूल के इतिहास के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया, कैसे स्वर्गीय सुश्री गीता राय के संपूर्ण संपत्ति से इस विद्यालय का निर्माण हुआ है और बहुत ही कम शुल्क में इस विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। इस विद्यालय को समाज से सहयोग की अपेक्षा है। इसी क्रम में परमहंस कुटीर के द्वारा आज 20 बच्चों का 1 वर्ष का शुल्क दान स्वरूप प्रदान किया गया। वीरेंद्र मिश्रा के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि जो बच्चे उच्च स्थान प्राप्त करते हैं उनका नाम पट्टीका में दर्ज होना चाहिए। इस विद्यालय के संस्कार बहुत ही उत्तम प्रतीत हो रहे हैं। आभार प्रदर्शन सहसचिव दिलीप सोनी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य ब्रह्मदत्त त्रिपाठी के द्वारा किया गया। समिति के सभी पदाधिकारियों ने अपने बधाई संदेश प्रेषित किए हैं। जेठमल कोटडिया, दीनानाथ केसरवानी, रवि पौराणिक, डॉक्टर सुनील सोनी, महावीर सिंह, स्वप्निल वर्मा सहित विद्यालय की सभी विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।



बच्चा गोद लेने की कार्यवाही करते सदस्य।

### मार्ग अवरुद्ध कर थाने का घेराव करने वाले 7 गिरफ्तार

**लोरमी।** ग्राम साल्हेघोरी में कुत्ते के साथ हुई दुर्घटना को लेकर हुए विवाद को लेकर बिना सूचना के थाना चिल्फी का घेराव कर लोरमी-पंडरिया राष्ट्रीय मार्ग अवरुद्ध करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 4 सितंबर को ग्राम साल्हेघोरी में हुए विवाद को लेकर थाना चिल्फी का घेराव करने के उद्देश्य से बिना कोई सूचना दिए राष्ट्रीय राजमार्ग लोरमी-पंडरिया रोड का आवागमन अवरुद्ध करने वाले आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 126(1), 190 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।गिरफ्तार आरोपियों में सोन कुर्रे पिता रोहित कुर्रे उम्र 23 वर्ष निवासी बरमपुर थाना लालपुर, संजीत बर्मन पिता टीकाराम उम्र 39 वर्ष निवासी छिरहुट्टी थाना लोरमी, किशन पिता नेतराम डहरिया उम्र 21 वर्ष निवासी हरदी थाना चिल्फी, लव सतनामी पिता अमर दास उम्र 28 वर्ष निवासी इन्दलपुर थाना लालपुर, हरेश बंजारा पिता हेमराय उम्र 24 वर्ष निवासी अमलडीहा थाना पण्डरिया, विरेन्द्र धृतलहरे पिता बृजलाल उम्र 30 वर्ष निवासी नवागांव ठेल्का थाना फास्टरपुर एवं सुनील मोहले पिता जगजीवन उम्र 29 वर्ष निवासी बरमपुर थाना लालपुर शामिल हैं। उक्त आरोपियों को मंगलवार 16 सितंबर को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की गई।

## न्यायालय परिसर से भागने वाला आरोपी गिरफ्तार



**गौरेला।** पेंड्रारोड न्यायालय परिसर से 8 सितंबर को आरोपी गुलशन मांझी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था।

न्यायालय पेशी के दौरान आरोपी पुलिस जवान को धक्का देकर मौके से भाग निकला था। इस घटना को लेकर पुलिस विभाग में गंभीरता देखी गई और तत्काल प्रभाव से सुरक्षा में लापरवाही बरतने वाले दो पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया था। साथ ही आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी के लिए विशेष जांच दल गठित किया गया था। आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। इस दौरान तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र के माध्यम से सूचना मिली कि, आरोपी अपने कपड़े और पैसों की व्यवस्था के लिए गौरेला क्षेत्र में आने वाला है। जानकारी के अनुसार गुलशन मांझी रीवा मध्यप्रदेश से ट्रेन के जरिए वेंकटनगर आया था, और वहां से पैदल अपने गांव पहुंचकर परिवार से मिलने का प्लान बनाया था। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। साइबर सेल जीपीएम और थाना गौरेला की संयुक्त टीम ने आरोपी गुलशन मांझी को मंगलवार 16 सितंबर को भस्कुरा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

## नवरात्र के लिए महामाया मंदिर में प्रशासनिक बैठक

**रतनपुर।** आगामी 22 सितंबर से शारदीय क्वार नवरात्रि महोत्सव आदिशक्ति मां महामाया देवी रतनपुर में आरंभ होने जा रहा है। आयोजन की व्यवस्था को लेकर मंदिर ट्रस्ट पूरी तत्परता के साथ तैयारियों में जुट गया है। इसी क्रम में मंगलवार को महामाया मंदिर कार्यालय में एक प्रशासनिक बैठक रखी गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनीश सिंह की उपस्थिति मे बैठक आरंभ की गई। इस दौरान विभिन्न विभागों से उपस्थित अधिकारियों को शारदीय क्वार नवरात्रि पर्व के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी, विद्युत विभाग, व पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। संबंधित विभागों को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं नवरात्र के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से प्रशासनिक स्टाल भी लगाए जाने की बात कही गई। इस बार नवरात्रि के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। नवरात्रि पर्व की सप्तमी तिथि को लाखों की संख्या में पदयात्री मंदिर दर्शन के लिए पहुंचते हैं, उनकी वापसी के लिए लगभग 50 बसों की व्यवस्था की गई है। एसएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश दिए। साथ ही चौक-चौराहों पर कैमरे लगाने एवं ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने एवं आदतन अपराधियो एवं नशेड़ियों के खिलाफ कारवाई के निर्देश दिए।



## सेवा पखवाड़ा को लेकर लौदा भाजपा मंडल की बैठक

**पथरिया।** सेवा पखवाड़ा कार्य योजना तैयार करने सोमवार को लौदा भाजपा मंडल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा प्रभारी एवं मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए, और आगामी सेवा पखवाड़ा के विविध कार्यक्रमों की जानकारी कार्यकर्ताओं से साझा की। बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के क्रियान्वयन की विस्तृत रूपरेखा तय गई एवं संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपकर सेवा कार्यो को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया गया। हरिशंकर वर्मा ने कहा कि, यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "सेवा पखवाड़ा" के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। इसके अंतर्गत स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, स्वास्थ्य शिविर, जनजागरूकता कार्यक्रम और समाजहित के अनेकों कार्य किए जा रहे हैं।

लौदा के भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा और समर्पण की भावना के साथ राष्ट्रहित के कार्यों को आगे बढ़ाने में जुटे हैं। यही सेवा भावना संगठन की शक्ति है, और यही समर्पण विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी, अरुण साहू, हुकुम सिंह, संतोष साहू एवं महिला भाजपा पदाधिकारी, सहित अनेक प्रमुख पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

# पार्टी के लिए सदैव तत्पर रहकर कार्य करें कार्यकर्ता: मोहले

**मुंगेली।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सनम जांगड़े के प्रथम नगर आगमन पर अनुसूचित जाति मोर्चा एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सनम जांगड़े का प्रथम आगमन हुआ। श्री जांगड़े ने पूर्वमंत्री एवं मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले की उपस्थिति में अनुसूचित जाति मोर्चा तथा अन्य कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर, पार्टी के रीति नीति सिद्धांतों के अनुरूप सच्ची लगन से कार्य करने की बात कही। उन्होंने भाजपा के लिए प्रत्येक बूथ में 10 अजा कार्यकर्ता तैयार करने का आह्वान किया। पूर्वमंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए पार्टी के लिए सदैव तत्पर रहकर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ हो रहे सेवा पखवाड़ा के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। जन्म दिवस पर सभी मण्डलों में प्रातः समय में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। वहीं दोपहर 12 बजे जिला भाजपा कार्यालय में युवामोर्चा की अगुवाई में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिवकुमार बंजारा ने भी संबोधित करते हुए मोर्चा के कार्यकर्ताओं से पार्टी को घर-घर तक पहुंचाने सक्रियता से कार्य करने की अपील की। संचालन ग्रामीण मण्डल महामंत्री नितेश भारद्वाज ने एवं आभार जिला महामंत्री अजा मोर्चा गोवर्धन दास ने किया।



कार्यक्रम के दौरान मंचस्थ भाजपा नेता।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, पूर्व विधायक विक्रम मोहले, वरिष्ठ नेता गिरीश शुक्ला, द्वारिका जायसवाल, मानिकलाल सोनवानी, शैलेश पाठक, रजनी सोनवानी, विनय साहू, जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुनील पाठक, जिला महामंत्री कैलाश सिंह, जिला मंत्री भागीरथी यादव, सेवा पखवाड़ा प्रभारी विनय साहू, पवन पाण्डेय, सोम वैष्णव, जिला मंत्री भाजपा मानस बैस, लोकनाथ सिंह, कोटू दादवानी, देवचरण भास्कर, सुजीत वर्मा, उपाध्यक्ष नगर पालिका जयप्रकाश मिश्रा, ताराचंद टंडन, जगमोहन मिरी, राजेश्वर टण्डन, रामेश्वर बंजारा, विजय बंजारा, राणाप्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, इकाई के अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच व ग्रामीण मंडल के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने किया बरेला विद्युत कार्यालय का घेराव



**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला में आए दिन बिजली की कटौती या विद्युत फाल्ट होने के कारण घरों के इलेक्ट्रानिक सामान खराब होने से लोग परेशान हैं। वहीं दूसरी तरफ बिजली विभाग गहरी नींद में सोया हुआ है, जिससे लोगों की परेशानी दोगुनी हो गई है। इसको लेकर बड़ी संख्या में क्षेत्र के आक्रोशित महिला व पुरुषों ने विद्युत कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। पार्षद राजकुमार साहू ने बताया कि, जब बिजली की समस्या को लेकर कार्यालय गए तो वहां कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति नहीं मिला। इसके कारण गुस्साए लोगों ने नारेबाजी करते हुए कार्यालय का घेराव कर दिया, ताकि अधिकारियों को जगाया जा सके। गर्मी व पानी की किल्लत से परेशान वार्डवासी- बरेला नगर पंचायत के वार्ड 13 के वार्डवासी लंबे समय से पानी की समस्या से जूझते आ रहे हैं। साथ ही उमस भरे मौसम में बिजली नहीं होने के कारण कूलर, पंखा नहीं चल पाता, जिससे लोगों को परेशान होना पड़ता है। परेशान वार्डवासियों ने पार्षदों के साथ बिजली ऑफिस का घेराव किया एवं नए ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छ गणेश पंडाल का पुरस्कार वितरण आज, महामाया समिति प्रथम

**बिलासपुर।** स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान 2025 के तहत नगर निगम द्वारा आयोजित स्वच्छ गणेशोत्सव पंडाल प्रतियोगिता में मां महामाया गणेशोत्सव समिति सरकंडा ने बाजी मारी हैं। स्वच्छता के पैमाने में मां गणेशोत्सव समिति सबसे खरा उतरी है। इसके बाद द्वितीय स्थान प्राप्त किया है भारतीय नगर की एकता गणेशोत्सव समिति ने तो वहीं तीसरे स्थान पर जोन क्रमांक 7 की विसर्जन टीम द्वारा किया गया गणेशोत्सव आयोजन है। नगर निगम द्वारा स्वच्छ गणेशोत्सव पंडाल प्रतियोगिता आयोजित करने के बाद निगम की स्वच्छता की टीम द्वारा शहर के सभी गणेशोत्सव पंडालों का निरीक्षण किया गया। समितियों को परखा गया। जिसके बाद निर्णायक टीम द्वारा प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान का चयन किया गया। तीनों विजेता समितियों को 17 सितंबर को पं.देवकीनंदन दीक्षित सभागृह मे आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### जिला मंत्री निखिल की अगुवाई में युवा मोर्चा करेगा रक्तदान आज

**बिलासपुर।** भाजपा के जिला मंत्री और युवा मोर्चा अध्यक्ष निखिल केशवानी के अगुवाई में भारतीय जनता युवामोर्चा 17 सितंबर को सिम्स मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल कोनी में रक्तदान का कार्यक्रम करेगी। प्रधानमंत्री मोदी के 75 वीं जन्मदिवस को सेलिब्रेट करने के लिहाज से भाजपा के युवा नेता 75 यूनिट रक्तदान करेंगे। जो सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगी। रक्तदान शिविर में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरुण साव एवं जिले के विधायक व संगठन के बड़े नेता उपस्थित रहेंगे। निखिल केशवानी ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में रक्तदान कार्यक्रम को भी शामिल किया गया है जिसमें पूरे जिले भर से युवामोर्चा के कार्यकर्ता भाग लेंगे ।

### सनाढ्य ब्राह्मण समाज द्वारा भोजन का निशुल्क वितरण



**बिलासपुर।** पितृ पक्ष के अवसर पर सनाडय ब्राहमण महिला मंडल परिवार द्वारा स्व. किशोरी लाल मिश्रा एवं स्व. उर्मिला मिश्रा की स्मृति मे राम रसोई पुराना बस स्टैंड हनुमान मंदिर के बगल में 16 सितंबर को आम नागरिकों को भोजन प्रसाद तथा मिष्ठान का वितरण किया गया। समाज की सभी महिलाओं ने आम नागरिकों को बैठा करके भोजन करवाया। इस कार्यक्रम में सनाढ्य ब्राहमण महिला मंडल की अध्यक्ष डॉ तनुजा बिरथरे, सचिव पूनम पराशर, कोषाध्यक्ष दीप्ति मिश्रा, पिंकी उपाध्याय, आसना द्विवेदी, शैला मिश्रा, शोभा त्रिपाठी, भावना मिश्रा, नीरजा दीक्षित, कोकिला उपाध्याय, विभा मिश्रा, मीना दुबे, दीप्ति गुबरेले, सौम्या मिश्रा, ओ पी बिरथरे, विवेक पाराशर, राजेश मिश्रा, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, अभय बरुआ यश मिश्रा, प्रमोद दीक्षित, राकेश मिश्रा, अशोक त्रिपाठी, अंशुल मिश्रा आदि मौजूद थे।

### राजीव व प्रवीण बने कसौंधन वैश्य समाज के अध्यक्ष



**बिलासपुर।** श्री चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज एवं नवयुवक चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज के नए पदाधिकारियों का चुनाव कराया गया। इसमें श्री श्री चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज का राजीव गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं नव युवक समाज का प्रवीण गुप्ता को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसमें चुनाव अधिकारी इंजीनियर रमेश गुप्ता, गिरीश चंद्र गुप्ता, अश्वनी गुप्ता एवं संजय शाह थे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष आशीष गुप्ता, आशुतोष साव, संतोष गुप्ता, विरेन्द्र गुप्ता, लक्ष्मीकांत गुप्ता, निलेश गुप्ता, अजय गुप्ता, अमितराज गुप्ता, बृजेश साव, राजेश गुप्ता, नरेन्द्र गुप्ता, अवनीश साव, विनीत गुप्ता, हर्ष गुप्ता, प्रशांत, ओमी, हर्षल, साहित, सुजल, आशुतोष, अभिषेक, शुभम, राज, अथर्व, बिटटू, अभिषेक, संतोष, सोनू, श्रेय, श्रेयस आदि मौजूद थे। चुनाव संरक्षक शिव प्रताप साव, सुधीर गुप्ता, विरेन्द्र गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

### श्री सर्वेश्वरी समूह का स्थापना दिवस अघोरपीठ आश्रम में 21 को

**बिलासपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह का स्थापना दिवस 21 सितम्बर रविवार को अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान वाराणसी के बिलासपुर शाखा के तत्वावधान में अघोर पीठ आश्रम बांसाझाल (चपोरा) में मनाया जाएगा। संस्थान के उपाध्यक्ष एवं प्रचार सचिव विनोद तम्बोली ने बताया कि इस दिन सुबह आश्रम स्थल में साफ-सफाई एवं श्रमदान के पश्चात श्री सर्वेश्वरी ध्वजोत्तोलन एवं सफल योनि ग्रंथ का पाठ किया जाएगा। तत्पश्चात हवन-पूजन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। सामाजिक सेवा कार्यो के लिए 19 सूत्रीय कार्यक्रमों के साथ श्री सर्वेश्वरी समूह का स्थापना की गई थी। जिसे श्री सर्वेश्वरी समूह एवं अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान वाराणसी के सभी शाखाओं में सामाजिक सेवा कार्यों के साथ मनाया जाता है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### फरार आरोपी ने महिला के नाम...

क्या था मामला : 7 सितंबर को सिंधी कालोनी निवासी हरेश बजाज ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट लिखाई। डेढ़ साल पहले सिंधी कालोनी निवासी हीरा भगवानी, उसकी पत्नी नायरा भगवानी व मूरली लहेजा ने वेस्टीज कंपनी के प्रोडेक्ट को खरीदने पर 40 दिन में डबल पैसा देने का झांसा देकर 100 से अधिक लोगों से 1 करोड़ से अधिक रुपए की ठगी कर फरार हो गया है। पूर्व में पुलिस ने उसकी पत्नी नायरा भगवानी व सहयोगी मूरली लहजा को गिरफ्तार कर लिया है।

**मुख्य आरोपी को छोड़ने वालों पर नहीं हुई कार्रवाई :** ज्ञात हो कि पूर्व में पीड़ितों के द्वारा सिविल लाइन में आरोपियों के खिलाफ शिकायत की गई थी। एक वरिष्ठ आरक्षक ने आरोपी हीरा भगवानी व मुरली दहेजा को पकड़कर थाने लाया था। उसके बाद बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया था। अब आलम यह है कि वहीं पुलिस आरोपी हीरा भगवानी को नहीं पकड़ पाई है। मामले में घोर लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

---

**विशेष काउंसिलिंग के बाद भी सीटें रिक्त** — पीजी पाठयक्रमों में विशेष काउंसिलिंग के बाद खाली रह गई कुछ सीटें

# सीयू में बीए हिन्दी व बीएससी इलेक्ट्रानिक्स को छोड़कर यूजी की बाकी सीटें फुल

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में बीए हिन्दी और बीएससी इलेक्ट्रानिक्स पाठयक्रम में कुछ सीटें खाली रह गई है, वहीं बाकी सभी यूजी पाठयक्रमों में सीटें फूल हो गई है।

यूनिवर्सिटी द्वारा तीन राउंड की काउंसिलिंग पश्चात सीटें रिक्त रहने पर स्पॉट राउंड विशेष आफलाइन काउंसिलिंग रखी गई थी, जिसमें लगभग सीटें फूल हो गई। दूसरी तरफ पीजी के कुछ पाठयक्रमों में विशेष काउंसिलिंग के बाद भी सीटें रिक्त रह गई है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीजी पाठयक्रमों की रिक्त सीटों को भरने के लिए मंगलवार को विशेष आफलाइन काउंसिलिंग आयोजित की गई थी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीजी के 33 पाठयक्रमों में से अधिकांश में सीटें खाली रह गई थी, जबकि आनलाइन और आफलाइन मिलाकर तीन बार काउंसिलिंग आयोजित किया जा चुका था। इन पीजी पाठयक्रमों में कुल 1400 सीटें हैं जिनमें से तीन राउंड के बाद लगभग 250 सीटें खाली रह गई थी। आज आफलाइन विशेष काउंसिलिंग रखी गई थी, जिसमें सीयूईटी के अलावा बिना सीयूईटी वाले स्टूडेंटस को शामिल होने का अवसर दिया गया। शाम तक की स्थिति में पीजी के कुछ पाठयक्रमों की सीटें भर गई है, किन्तु कुछ-कुछ पाठयक्रमों में अभी भी सीटें रिक्त रह गई है। दूसरी तरफ सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजी के विभिन्न पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए दो बार आनलाइन काउंसिलिंग और एक बार आफलाइन काउंसिलिंग आयोजित की गई थी।



यूजी पाठयक्रमों में कुल 2 हजार 159 सीटें हैं। इसमें से थर्ड राउंड आफलाइन काउंसिलिंग के बाद यूजी पाठयक्रमों में 315 सीटें खाली रह गई थीं। जिन पाठयक्रमों में सीटें बच गई थी उनमें बीए हिन्दी, बीएससी इलेक्ट्रानिक्स, बीएससी बॉटनी, बीएससी रूलर टेक्नालाजी एवं बीए जर्नलिज्म एंड मॉस कम्यूनिकेश,बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, बीए एंथ्रोपोलाजी, बीए इकानॉमिक्स, बीए इंग्लिश, बीए हिस्ट्री, बीए पोलटिकल साइंस, बीएससी एंथ्रोपोलाजी, बीएससी जूलाजी, बीएससी फारेस्ट्री, डिप्लोमा इन फार्मेसी आदि पाठयक्रम शामिल थे। इसके लिए दो दिन पहले आफलाइन विशेष काउंसिलिंग रखा गया था जिसमें बिना सीयूईटी वाले स्टूडेंट्स को भी मौका दिया गया। इसके बाद यूजी पाठयक्रमों की सीटें फूल हो गई है और केवल बीए हिन्दी एवं बीएससी इलेक्ट्रानिक्स में कुछ सीटें खाली बची है।

---

सीवीआरयू में विश्व ओज़ोन दिवस पर विशेष आयोजन

# ओजोन परत पृथ्वी के जीवन की ढाल : कुलपति घोष



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में विश्व ओज़ोन दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए रंगोली, क्विज, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने ओज़ोन परत के संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन के महत्व पर छात्रों एवं शिक्षक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ओज़ोन परत पृथ्वी पर जीवन के लिए प्राकृतिक ढाल है जो हमें सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हम औद्योगिक प्रदूषण और हानिकारक रसायनों का उपयोग नहीं रोकेंगे तो आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरणीय संकट और भी गहरा होगा। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे न केवल शैक्षिक स्तर पर बल्कि सामाजिक स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण की पहल करें। उन्होंने कहा कि यह प्रयास प्रतिदिन होना चाहिए और युवाओं को ही आगे आकर इसे करना होगा। कुलपति ने ओज़ोन परत बचाने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। स्वागत भाषण डॉ रश्मि वर्मा ने दिया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

■ **रंगोली, पोस्टर, क्विज और स्लोगन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लिया भाग**

इस अवसर पर ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख डॉ अनुपम तिवारी ने भी को संबोधित किया। कार्यक्रम में आभार प्रकट डॉ विनीता ताम्रकार ने किया। इस अवसर पर डॉ एके श्रीवास्तव, डॉ सुरेंद्र तिवारी, डॉ नमिता भारद्वाज, डॉ मिलन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ अभिषेक शर्मा ने किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए।



# नशा हमारी समझ और कार्य क्षमता को खत्म करता है : संतोषी दीदी

**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन द्वारा ब्रह्माकुमारी स्वाति दीदी के मार्गदर्शन में समाज हित में "नशा मुक्ति अभियान रथ" के माध्यम से एक महत्त्वपूर्ण पहल की जा रही है। इस अभियान रथ का शुभारंभ शनिचरी क्षेत्र से हुआ और जूना बिलासपुर, श्याम टॉकीज चौक, पचरी घाट, कतिया पारा, कर्बला, कश्यप कॉलोनी सहित आसपास के इलाको में जाकर नशा मुक्ति का संदेश दिया गया।

ब्रह्माकुमारीज के भाई-बहनों ने घर-घर जाकर नशे के दुष्परिणाम बताए। पंपलेट वितरित किए और राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से आत्मबल बढ़ाने की जानकारी दी। इस अवसर पर बीके संतोषी दीदी ने कहा कि व्यसन आज समाज की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। यह व्यक्ति की सोचए स्वास्थ्य और परिवार – तीनों को धीरे.धीरे प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि यदि समाज को मजबूत और भविष्य को सुरक्षित बनाना है तो सबसे पहले नशे के ख़िलाफ़ मानसिक जागरूकता लानी होगी। नशा केवल शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाता बल्कि व्यक्ति की सोच और आत्म सम्मान को भी नष्ट करता है। यह आदत व्यक्ति को धीरे.धीरे परिवार से समाज से और अपनी जिम्मेदारियों से दूर कर देती है। नशा एक ऐसी बुरी आदत है जिसे आत्मबल और सही मार्गदर्शन से ही छोड़ा जा सकता है। नशे की समस्या का स्थायी समाधान आत्मबल और आत्मस्मृति से ही संभव है। जब व्यक्ति अपने भीतर की शक्तियों को पहचानता है तभी वह किसी भी व्यसन को छोड़ सकता है। राजयोग मेडिटेशन इस शक्ति को जागृत करने का सबसे प्रभावी साधन है। बीके संतोषी दीदी ने बताया कि आज का युवा वर्ग तनाव, असफलता और प्रतिस्पर्धा के कारण नशे की ओर झुक रहा है। नशा उसे तात्कालिक राहत देता है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं। उन्होंने कहा नशा आपकी समस्याओं को खत्म नहीं करता। वह केवल आपकी समझ और कार्य क्षमता को खत्म करता है। जीवन की हर चुनौती को सामना करने के लिए ज़रूरी है कि आप नशा मुक्त रहें। दीदी ने समाज से अपील की कि नशे की रोकथाम के लिए परिवार, शिक्षण संस्थान, समाजसेवी संगठन और प्रशासन - सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। स्थानीय सहभागिता अभियान के दौरान कई मोहल्लों के लोगों ने रथ का स्वागत किया और नशामुक्त जीवन का संकल्प लिया। युवाओं व महिलाओं ने इस पहल की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मकता और स्वास्थ्य की लहर फैलाते हैं।

■ **नशा मुक्ति अभियान रथ का किया शुभारंभ**

---

# दिवाली के पहले बिजली विभाग का मेंटनेंस शुरू, बंद होने से उपभोक्ता हलाकान

**बिलासपुर।** बिजली विभाग एक बार फिर मेंटनेंस में जुट चुका है। दिवाली से पहले शहर के ज्यादातर इलाकों में मेंटनेंस किया जाना है, नवरात्र और दिपावली से पहले लोड सिडिंग सुधारने, ट्रांसफार्मर के रखरखाव और सबस्टेशन में सुधार कार्य किया जा रहा है। मंगलवार को शनिचरी सबस्टेशन और बृहस्पति बाजार, सिविल लाइन क्षेत्रों में बिजली बंद कर मरम्मत का कार्य किया गया। इस दौरान 3 घंटे तक बिजली ठप रही।

मौसम में बदलाव होते ही बिजली विभाग भी शेड्यूल लेकर उपभोक्ताओं के सब्र की परीक्षा लेता है। विभाग द्वारा अगले 15 दिनों तक शेड्यूल मेंटनेंस की लिस्ट जारी कर चुका है। शहर के कई इलाकों में बिजली सप्लाई बाधित कर मेंटनेंस किया जाएगा। मंगलवार को शनिचरी सबस्टेशन के तहत ज्वाली नाला के पास नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। वहीं बृहस्पति बाजार और सिविल लाइन क्षेत्रों में तारों का रखरखाव किया जाता रहा, इस दौरान 3 घंटे तक बिजली बंद रही, वहीं जिन इलाकों में बिजली सप्लाई जारी रही, वहां भी हर घंटे बिजली की आंखमिचौली होती रही जिसके चलते उपभोक्ताओं को खासी परेशानी झेलनी पड़ी है। इस दौरान कुदुदंड, तेलीपारा, मिलन चौक, मिशन हास्पिटल में बिजली बंद रही है।



### 18 को इन इलाकों में रहेगी बिजली बंद

बताया जा रहा है कि 17 सितंबर को बृहस्पति बाजार और गोड़पारा में बिजली बंद करने का शेड्यूल विभाग ने पहले ही जारी कर दिया है लेकिन विश्वकर्मा पूजा होने के कारण काम ठप रहेगा। इस दौरान बिजली कर्मचारी भी निर्माण और मरम्मत का कार्य नहीं करेंगें। ऐसे में 18 सितंबर को बिजली सप्लाई बाधित कर मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इस दौरान गोड़पारा, छत्तीसगढ़ भवन, आडिटोरियम, सरकंडा, सिम्स, कोनी, देवनंदन नगर में बिजली बंद रहेगी।

### भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव आज

**बिलासपुर।** देव शिल्पी भगवान श्री विश्वकर्मा समिति पंप हाउस परिसर कुदुदंड नगर पालिका निगम में 17 सितंबर को विश्वकर्मा जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 9 बजे भगवान श्री विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। सुबह 10 बजे पूजन हवन होगा। इसी तरह 10.30 बजे आरती होगी। सुबह 10.45 बजे भोग प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। दोपहर 12 बजे महाभोग प्रसाद वितरण होगा। वहीं दूसरे दिन 18 सितंबर को दोपहर 1 बजे बुधवार विसर्जन का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को लेकर नगर निगम वाहन चालक, हेल्पर व समस्त कर्मचारी नगर पालिक निगम द्वारा आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजन को लेकर सभी उत्साह का वातावरण है। समाज के लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।



# युवा प्रकोष्ठ के महेंद्र अध्यक्ष




**बिलासपुर।** युवा प्रकोष्ठ का महेन्द्र को अध्यक्ष और मुकेश को सचिव चुना गया है। इसके अलावा कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र डहरिया व जिला उपाध्यक्ष मोतीलाल खुंटे, सहसचिव राजेन्द्र कोशले, कोषाध्यक्ष प्रशांत कुर्रे, प्रवक्ता प्रमोद बंजारे एवं मिडिया प्रभारी सोमेन्द्र बंजारे को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्य में अश्वनी बंजारे, धर्मेंद्र बघेल, गिरिश घृतलहरे ,बेंजीत टण्डन,,मिन्टू मिरी को बनाया गया। विशेष आमंत्रित सदस्य एवं संरक्षक सदस्य एच आर मनहर, एसके बर्मन, आर एस खाण्डे, डॉ बसंत अंचल, जयंत मनहर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोशले ने माला पहनाकर बधाई दी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोशले, उपाध्यक्ष सरजू प्रसाद घृतलहरे, रेशम घृतलहरे, डॉ दिनेश लाल, सुशीला सोनवानी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुश्री अंजलि बरमाल, महासचिव मोहन बंजारे, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम जी टांडे, सहसचिव दिनेश बंजारे, प्रवक्ता राजमंहत पी एल कोसरिया हैं। संचालन युवा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश लहरे ने किया। कार्यकारिणी डमरू प्रसाद मनहर,नोहर सिंह धीरही, श्याम लाल सितारे, यादराम हिरवानी, गणेश बघेल, द्रौपती जोशी, सत्येंद्र खुंटे, भुवनदास जांगड़े, विजय टंडन, अनिता गुरूपंच, रमेश बंजारे सहित शक्ति जिला अध्यक्ष टोटेलाल भारद्वाज, मनहरण मनहर, रेशम कुर्रे, कुसुम लता आदि शामिल हैं।

---

छत्तीसगढ़ के व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल हुआ शामिल

# देश भर के व्यापारिक संगठनों की नागपुर में राष्ट्रीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन व व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, प्रांतीय उपाध्यक्ष राजू सलूजा, कैट बिलासपुर के अध्यक्ष किशोर पंजवानी, महामंत्री हीरानन्द जयसिंह, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधि मंडल बैठक नागपुर में आयोजित की गई। इसमें देशभर के शीर्ष व्यापारी नेता शामिल हुए और स्वदेशी अभियान, जीएसटी में हुए ऐतिहासिक बदलाव, वोकल फॉर लोकल तथा व्यापारियों से जुड़े अन्य अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा कि भारत के छोटे व्यापारी ही असली राष्ट्र निर्माता हैं।



कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि छोटे व्यापारियों को सशक्त किया जाए और तकनीक को स्वदेशी प्रथाओं के साथ जोड़ा जाए। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के चेयरमैन श्री सुनील सिंघी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की असली ताकत हमारे स्वदेशी उद्योग और व्यापारी हैं। अगर हम सभी मिलकर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देंगे तो देश मजबूत होगी। बल्कि लाखों युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।

### छोटे व्यापारियों को सशक्त बनाने की रणनीतियों पर भी हुई चर्चा

कैट के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू सलूजा, कैट बिलासपुर के अध्यक्ष किशोर पंजवानी महामंत्री हीरानन्द जयसिंह कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने सयुक्त बयान में बताया कि बैठक में देश की आर्थिक स्थितियां डिजिटल इंडिया में व्यापार की भूमिका, जीएसटी से जुड़े सुधार तथा छोटे व्यापारियों को सशक्त बनाने की रणनीतियों पर भी चर्चा हुई। इस आयोजन को व्यापारी जगत के भविष्य के लिए एक मील का पत्थर माना जा रहा है। छत्तीसगढ़ से कैट का प्रतिनिधि मंडल नागपुर की राष्ट्रीय बैठक में अमर पारवानी के नेतृत्व में शामिल हुआ। इसमें जितेंद्र गांधी, राजू सलूजा, किशोर पंजवानी, हीरानन्द, जयसिंह, आशीष अग्रवाल, सुरेन्द्र अजमानी, अभिषेक त्रिपाठी, निहारिका त्रिपाठी,नेहा दीप्त शामिल हुए।

# स्वच्छता पखवाड़ा और पोषण अभियान आज से, होंगे कार्यक्रम

**बिलासपुर।** स्वच्छता पखवाड़ा और पोषण अभियान की शुरुआत 17 सितंबर से होने जा रही है। जिसके तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025, स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान आदि सेवा पर्व अभियान शामिल है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के 300 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा और 5 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि दी जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (प्रथम) के 5 हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया जाएगा।

सुबह 11 बजे पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में कार्यक्रम होगा। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश के धार जिले के ग्राम भैंसोला से वर्चुअली जुड़ेंगे और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव रायपुर से वर्चुअली जुड़ेंगे। पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक /"स्वच्छता ही सेवा अभियान/" के तहत पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नगरीय निकायों में स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। पखवाड़े के तहत बिलासपुर नगर निगम द्वारा भी अलग-अलग आयोजन किए जाएगा. 17 सितंबर को विशेष सफाई अभियान से इसकी शुरूआत की जाएगी और 2 अक्टूबर स्वच्छता दिवस के दिन पखवाड़े का समापन। इस बीच निगम द्वारा स्कूलों एवं अन्य स्थानों पर ड्राइंग,पेंटिंग, क्विज, सफाई अभियान, सफाई मित्रों के लिए शिविर लगेंगे।

## खबर संक्षेप

### तोखन एवं धर्मजीत आज करेंगे पौधरोपण

**सकरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जो कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा।सेवा पखवाड़े की शुरुआत करते हुए बुधवार को सकरी श्मशान घाट की साफ-सफाई कर केन्द्रीय आवासन राज्य मंत्री तोखन साहू एवं तखतपुर विधायक डॉ धर्मजीत सिंह बुधवार सुबह 7 बजे पौधरोपण करेंगे। इसी तरह नगर के गायत्री मंदिर परिसर में भी सुबह 8 बजे साफ-सफाई कर पौधरोपण किया जाएगा।

### कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' जनसभा आज

**तखतपुर।** कांग्रेस की ओर से 'वोट चोर गद्दी छोड़' जनसभा का आयोजन 17 सितम्बर को सुबह 11:30 बजे रेयांश गोल्ड होटल खपरी में किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के साथ-साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव उपस्थित रहेंगे। कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारीयों और आमजनों से इस सभा में उपस्थित होने की अपील पूर्व विधायक रश्मि आशीष सिंह ने की है।

## निधन

### प्रताप नारायण झा

**बिलासपुर।** धान मंडी के पीछे तोरवा



निवासी सेवा निवृत रेलवे इंजीनियर प्रताप नारायण झा का मंगलवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार बुधवार सुबह 11 बजे तोरवा मुक्तिधाम में किया जाएगा । वे नारदेश्वर, सुधांशु , ललित नारायण झा के पिता एवं मनीष, सीमांशु के दादा थे।

### मगन बाई जैन

**बिलासपुर।** विनोबा नगर आर - 7



निवासी मगनबाई जैन का निधन हो गया। वे 76 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 17 सितंबर को दोपहर 12. 15 पर भारतीय नगर मुक्तिधाम में होगा। वे अरविंद, अवि की माता और भूपेंद्र, प्रशांत चंदेरिया की ताई थीं।

### घंटों लाइन में खड़े होने के बाद भी निराश लौट रहे अन्नदाता

# यूरिया की किल्लत और कालाबाजारी किसान परेशान, फसल हो रही खराब

**कोटा सोसाइटी में लगी किसानों की भीड़, बनी चक्काजाम की स्थिति**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करगीरोड कोटा

क्षेत्र में यूरिया खाद की लगातार किल्लत और किसानों की बढ़ती परेशानी ने सोमवार को बड़ा रूप ले लिया। सुबह से हज़ारों की संख्या में किसान मार्केटिंग सोसायटी के बाहर खाद लेने के लिए जमा हुए और वितरण व्यवस्था को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

किसानों ने आरोप लगाया कि यूरिया खाद को महंगे दाम में बेचा जा रहा है। इतना ही नहीं, इसके साथ जबरन दो नैनो केमिकल के डिब्बे भी थमाए जा रहे हैं, जिनकी उन्हें आवश्यकता नहीं है। आक्रोशित किसानों ने सोसायटी परिसर के बाहर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया, जिससे यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो गई और लंबा जाम लग गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कोटा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और किसानों से बातचीत कर स्थिति को नियंत्रित किया तथा जाम खुलवाया।

जानकारी के अनुसार वितरण केंद्रों पर यूरिया की भारी कमी के कारण किसान परेशान हैं। किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रहा है। खाद की कमी के चलते वितरण केंद्रों पर किसानों की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे किसानों को निराशा हाथ लग रही है।



सोसाइटी के बाहर लगी किसानों की भीड़।

यूरिया समय पर नहीं मिलने से धान और अन्य फसलों को नुकसान हो रहा है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई हैं। पिछले दो से कोटा सोसाइटी में यूरिया के लिए किसानों की भीड़ जमा हो रही है। एक बोरी यूरिया लेने के लिए किसानों को घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी जरुरत के अनुसार उन्हें यूरिया नहीं मिल रहा है। सोसाइटी वालों का कहना है कि जितना यूरिया आया है उससे दो गुना किसान हैं और उससे भी दो गुना यूरिया की उन्हें आवश्यकता है। जिस यूरिया की कीमत 270 रुपए है, उसे किसानों को मजबूरी में खुले बाजार से 1100 से 1500 रुपए में खरीदना पड़ रहा है। यूरिया की कालाबाजारी जोरों पर है। कोटा सोसाइटी में मंगलवार को मेले जैसा माहौल रहा। किसानों की भीड़ लगी रही। जिन्हें यूरिया मिला वे किसान खुश होकर लौट गए, लेकिन जिन्हें मिला वे सोसाइटी का चक्कर लगाते रहे। सोसाइटी में किसानों की भीड़ के कारण चक्काजाम की स्थिति बनने लगी।

### कालाबाजारी से बढ़ा आर्थिक बोझ

यूरिया की कालाबाजारी से किसान परेशान हैं। खुले बाजार में दुकानदार सरकारी मूल्य से दोगुना, तीन गुना या उससे भी अधिक दाम पर खाद बेच रहे हैं, जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। दूसरी ओर समय पर खाद नहीं मिलने से उनकी फसलें प्रभावित हो रही हैं। बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के किसान इस समस्या से जूझ रहे हैं और वे प्रशासन से कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### 1100 से 1500 रुपए बोरी

खुले बाजार में दुकानदार सरकारी दर के बजाय यूरिया को 1100 से 1500 रुपये प्रति बोरी में बेच रहे हैं। खाद की कमी और ऊंचे दामों के कारण किसान अपनी फसलों में कम यूरिया डाल रहे हैं, जिससे फसलें कमजोर हो रही हैं और उत्पादन प्रभावित हो सकता है। दूसरी ओर सरकार पर्याप्त स्टॉक का दावा कर रही है, लेकिन सोसाइटियों और दुकानों में यूरिया नहीं पहुंच रहा है, जिससे किसानों को मजबूरन काला बाजार से महंगा खाद खरीदना पड़ रहा है।

### विधायक ने किया था आंदोलन

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी कोटा में यूरिया खाद की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने विधायक अटल श्रीवास्तव के नेतृत्व में ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने चक्काजाम किया था। उसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने कृषि दुकानों पर छापामार कार्रवाई भी की थी, लेकिन किसानों की समस्या जस की तस बनी हुई है। किसानों का कहना है कि समय पर खाद नहीं मिलने से फसल उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उचित दाम पर उपलब्ध नहीं कराई गई, तो वे और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।





## विश्वेश्वरैया जयंती पर मना अभियंता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तूरी

भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर अभियंता परिवार की ओर से स्वर्णिमा एरा परिसर में अभियंता दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि इंजीनियर एचसी राठौर ने विश्वेश्वरैया के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इंजीनियर सोनवानी ने विश्वेश्वरैया के जीवनी व कार्य शैली पर प्रकाश डाला। इसके बाद इंजीनियर शालिनी चौधरी व राजेश्वरी यादव ने सुमधुर गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को नया आयाम दिया। कार्यक्रम को इंजीनियर प्रमोद महतो, इंजीनियर सुदर्शन कन्हाई एवं इंजीनियर एचसी राठौर ने आयोजित कियाथा। इस अवसर पर विश्वेश्वरैया के भारत देश के चहुमुखी विकास में दिए गए योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में एससीसीएल मैनेजर आरएस शुक्ला ने बहुत ही सुन्दर एवं मनमोहक गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में इंजीनियर गिरीश देवांगन, आरके साहू, प्रदीप पटेल, राकेश साहू, रमेश लोहार सहित अन्य इंजीनियर उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर सीपी सिंह एवं आभार इंजीनियर प्रमोद महतो ने किया।

## पॉलीटेक्निक कॉलेज में मना इंजीनियर्स डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

ठाकुर बलराम सिंह शासकीय पॉलीटेक्निक तखतपुर में सोमवार को भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर उत्साह और गरिमा के साथ इंजीनियर्स डे मनाया गया।

इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य, संकाय सदस्य, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने विश्वेश्वरैया को जीवन, कार्य एवं योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, सर विश्वेश्वरैया भारतीय इंजीनियरिंग के प्रतीक पुरुष थे। मैसूर के कृष्णराज सागर बांध एवं अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं उनकी प्रतिभा और दूर दृष्टि का परिणाम हैं। प्राचार्य ने कहा कि, इंजीनियर राष्ट्र निर्माण के सच्चे निर्माता होते हैं। सड़क, पुल, भवन, मशीन, बिजली, सूचना प्रौद्योगिकी, चिकित्सा उपकरण, कृषि तकनीक, अंतरिक्ष अनुसंधान हर क्षेत्र में इंजीनियरों की अहम भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि, वे केवल नौकरी पाने का लक्ष्य न रखें, बल्कि समाज की समस्याओं के समाधान हेतु नवाचार विकसित करें। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया गया। छात्र-छात्राओं ने भाषण, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेकर इंजीनियरिंग की उपयोगिता और सामाजिक योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कार्यक्रम संयोजक ने कहा कि, इंजीनियर्स डे केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि जिम्मेदारी याद दिलाने का दिन है। इंजीनियरों का दायित्व है कि वे अपने ज्ञान और कौशल से देश को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने में सहयोग दें।





## बच्चों ने दिया नशामुक्ति का संदेश

**सीपत।** हिन्दी दिवस पर विरानी पब्लिक उच्चतर माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को हिन्दी की महत्ता से अवगत कराया। रैली के दौरान बच्चों ने नारे लगाए और नशामुक्ति का संदेश दिया। रैली स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर नवाडीह चौक पहुंची, जहां छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर हिन्दी भाषा की पहचान व गौरव को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। साथ ही उन्होंने समाज को संदेश दिया कि युवा पीढ़ी नशे से दूर रहकर और साइबर अपराध से बचकर अपने भविष्य को संवार सकती है। प्राचार्य तारा गिरी ने कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और सभ्यता की आत्मा है। इस मौके पर हिंदी शिक्षक पूनम मंडल और दीपक राठौर, व्यायाम शिक्षक सूर्यप्रकाश चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## साइकिल से खुलेगी शिक्षा की राह, बेटियों ने जताई खुशी

**सीपत।** शासकीय हाईस्कूल रांक में मंगलवार को सरस्वती सायकिल वितरण योजना के अंतर्गत कक्षा नवमीं की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई।



कार्यक्रम मुख्य अतिथि जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू, सरपंच विक्रम सूर्यवंशी, उपसरपंच सुरेंद्र राठौर सहित जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू ने कहा कि बेटियों को शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर बनाना हमारी पहली जिम्मेदारी है। आज सरकार की इस योजना से बालिकाओं को पढ़ाई के लिए सुविधा मिलेगी और समाज में उनकी भागीदारी और मजबूत होगी। सशक्त नारी ही सशक्त समाज की पहचान है। सरपंच विक्रम सूर्यवंशी ने कहा कि गांव की बच्चियां आगे बढ़ेंगी तो पूरा समाज आगे बढ़ेगा। साइकिल मिलने से अब बच्चियों को दूरस्थ विद्यालय आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी। कार्यक्रम में मौजूद कई बालिकाओं ने भी अपनी खुशी जाहिर की। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य राजेंद्र कुमार साहू, धनेंद्र कुमार बंजारे, जितेंद्र साहू, रीता साहू, प्रीति मिश्रा, पायल पांडेय, प्रदीप राठौर, रघुवीर पटेल, नंदकिशोर राठौर एवं संजय मंजारे उपस्थित रहे।




## खबर संक्षेप

### सीढ़ी से गिरकर इलेक्ट्रिशियन की मौत

**बिलासपुर।** बिजली फिटिंग करते समय घोड़ीनुमा सीढ़ी से गिरकर इलेक्ट्रिशियन की मौत के मामले में जांच के बाद दुकान संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, मस्तूरी निवासी हेमंत टण्डन पिता बालाराम टण्डन (31 साल) केशरवानी हार्डवेयर दुकान में बिजली फिटिंग का काम कर रहा था। काम करते समय घोड़ीनुमा सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। जांच में पाया गया कि काम कराने के दौरान दुकान संचालक के द्वारा मृतक को आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं कराया गया था। जांच के बाद पुलिस ने दुकान संचालक अरविंद केशरवानी के खिलाफ बीएनएस की धारा 105 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सजग प्रहर जीएम ने किया सम्मानित

**बिलासपुर।** सजगता एवं बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों का जीएम ने सम्मान किया है। इसमें मुख्य रूप से बिलासपुर रेल मंडल के संकेत सहायक / पेंड्रारोड पप्पू कुमार ने ड्यूटी के दौरान देर रात दो बजे ट्रैक सर्किट के पाजिटिव रेल में फ्रेक्चर देखकर तत्काल संबंधित विभाग को सूचित कर ट्रेन दुर्घटना रोकने का कार्य किया। रायपुर रेल मंडल के पाइंट्समैन-ए दाधापारा के नंदलाल ने गुजरती हुई मालगाड़ी के ब्रेक वैन से 19वें नंबर के वैगन में ब्रेक बाइंडिंग के कारण फ्लैट टायर का पता लगाया, नागपुर रेल मंडल के वरिष्ठ सहायक लोको पायलट भुमेश्वर भेलावे ने मालगाड़ी लोको को चेक करते समय ट्रैक्शन लिंक बार हाउसिंग टूटा, रेलवे जोन मुख्यालय के सीनियर सेक्शन इंजीनियर टीआरडी दिनेश कुमार शर्मा ने कलमना ओएचई डिपो में कार्य स्थान पर अपनाई जाने वाली संरक्षा पद्धति और टीआरडी विफलता के बारे में रेलवे बोर्ड स्तर पर चर्चा की। इन सभी कर्मचारियों का जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने सम्मान किया। इस अवसरपर अपर महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी, अन्य विभागाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### बिलासपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन चलेगी एक फेरे के लिए



**बिलासपुर।** छठ पूजा के अवसर पर बिलासपुर एवं हड़पसर पुणे के बीच 08265/08266 स्पेशल ट्रेन का परिचालन एक फेरे के लिए किया जाएगा। यह गाड़ी 08265 नंबर के साथ 22 अक्टूबर को और हड़पसर से 08266 नंबर के साथ 23 अक्टूबर को रवाना होगा। ट्रेन में 2 एसएलआर, तीन सामान्य कोच, चार शयनयान, आठ एसी थ्री, दो एसी थ्री एकोनोमिक्स, एक एसी टू सहित 20 कोच की सुविधा होगी। ट्रेन बिलासपुर से शाम 16.30 बजे रवाना होकर रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ होते हुए दूसरे दिन शाम 16.30 बजे हड़पसर पुणे और पुणे से शाम 19.30 बजे रवाना होकर दूसरे दिन 20.50 बजे बिलासपुर पहुंचेगी।

**सभापति सोनी ने उठाई बात** | आयुक्त ने शहर की व्यवस्था के लिए जरूरी बताया, अटल और गौरव पथ निर्माण को दी गई मंजूरी

# एमआईसी की बैठक में हंगामा, अतिक्रमण दस्ते की अवैध वसूली पर सदन गरमाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम की मेयर-इन-काउंसिल (एमआईसी) बैठक मंगलवार को हंगामेदार रही। बैठक में सभापति विनोद सोनी ने अतिक्रमण दस्ते द्वारा की जा रही अवैध वसूली का मुद्दा उठाया और कहा इसे बंद किया जाना चाहिए।

निगम आयुक्त इस पर नाराज हुए और कहा कि शहर की व्यवस्था बनाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। शहरवासियों के साथ ही पार्षदों को इस पर आपत्ति है तो इसे बंद कर देते हैं। इसके साथ ही सड़क, नाली, पानी के प्रस्तावों पर चर्चा हुई। एक बार लेकिन रामसेतू का कार्य शुरू होने पर सहमति नहीं बन सकी और काम अटक गया। मंगलवार को विकास भवन दृष्टि सभाकक्ष में महापौर पूजा विधानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 33 प्रस्तावों पर चर्चा हुई और विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई। बैठक की शुरुआत वार्ड नंबर 47 के नालापारा जैतखाम से आंगनबाड़ी चिल्हाटी मार्ग व नाली निर्माण के संशोधित प्रस्ताव से हुई। इसके अलावा हर्ष किंगडम नाला पर सीसी रोड निर्माण, अशोक नगर चौक से मोपका चौक तक सड़क चौड़ीकरण, वसंत विहार चौक से अपोलो अस्पताल तक डामरीकरण और अमरैया चौक से रपटा चौक तक नाली व सड़क निर्माण जैसे अहम प्रस्ताव पारित किए गए।




बैठक में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठेका श्रमिकों की नियुक्ति और अतिरिक्त स्वीकृति भी दी गई। इसके साथ ही पार्षद निधि से नाली और सड़क निर्माण कार्यों को मंजूरी मिली।

### 19.73 करोड़ से अटल व गौरव पथ का निर्माण

एमआईसी बैठक का सबसे बड़ा आकर्षण रहा अटल पथ और गौरव पथ निर्माण का प्रस्ताव। अरपा इंदिरा सेतु से राम सेतु तक अटल पथ 6.88 करोड़ की लागत से बनेगा, वहीं अशोक नगर से बिरकोना रोड तक गौरव पथ निर्माण पर 12.85 करोड़ रुपए खर्च होंगे। गौरव पथ और राम सेतु तक अटल पथ निर्माण का रास्ता भी इस बार एमआईसी की बैठक में साफ हो गया है।

### सड़कों का डामरीकरण व नाला निर्माण

शहर की यातायात व्यवस्था को मजबूती देने के लिए मानशी होटल से अमरैया चौक तक डामरीकरण व नाली कार्य की स्वीकृति दी गई, जिसकी लागत 4.25 करोड़ रुपए होगी। इसी तरह वार्ड 5 शनि मंदिर के पास व्यावसायिक परिसर निर्माण 3.98 करोड़ की लागत से किया जाएगा। इस क्षेत्र में सड़कें अत्यधिक जर्जर हैं, जिस पर कार्य के लिए एमआईसी ने अब मुहर लगा दी है।

पुलिस प्रशासन पर बैगर जांच एकपक्षीय कार्रवाई करने का आरोप

# छह हजार रजिस्ट्री नहीं हो सकी सरकार को 70 करोड़ का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दस्तावेज लेखक को जमीन की धोखाधड़ी के मामले में पूछताछ के लिए थाने ले जाने व बगैर जांच गंभीर धाराओं में एफआईआर के बाद जेल भेज देने की कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को प्रदेश के दस्तावेज लेखकों ने हड़ताल कर दी। हड़ताल में प्रदेश के करीब चार हजार दस्तावेज लेखक शामिल रहे। हड़ताल के कारण बिलासपुर में 275 व प्रदेश में करीब छह हजार रजिस्ट्री प्रभावित रही। इतनी बड़ी संख्या में रजिस्ट्री प्रभावित होने के कारण सरकार को एक ही दिन में करीब 70 करोड़ के राजस्व की हानि हुई।

- **दस्तावेज लेखकों की एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय हड़ताल**

सरकंडा पुलिस के द्वारा बीते दिनों एक जमीन की धोखाधड़ी के मामले में दस्तावेज लेखक ठाकुर महेंद्र सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेश भर के दस्तावेज लेखकों ने मंगलवार को हड़ताल कर दी। दस्तावेज लेखकों का आरोप है कि पुलिस के द्वारा महेंद्र सिहं को उनके घर से बयान दर्ज करने के नाम पर थाने ले जाया गया व बिना जांव के गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। दस्तावेज लेखकों द्वारा एसपी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि महेंद्र सिंह लाईसेंसी दस्तावेज लेखक हैं व पिछले 35 वर्षों से यह कार्य कर रहे हैं। संघ ने मांग की है कि महेंद्र सिंह पर लगाई गई धाराएं हटाते हुए उन्हें गवाह के रूप में प्रस्तुत किया जाए। इधर दस्तावेज लेखकों की हड़ताल के कारण पूरे प्रदेश में रजिस्ट्री संबंधी काम पूरी तरह ठप रहे। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर में प्रतिदिन औसतन 250 से 300 रजिस्ट्री होती है, वहीं प्रदेश में रजिस्ट्री का औसतन आंकड़ा छह हजार का है। एक ही दिन में इतनी रजिस्ट्री प्रभावित होने के कारण शासन को करीब 70 करोड़ के राजस्व की हानि हुई है। संघ ने मांगें नहीं माने जाने की स्थिति में आगे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की बात कही है।




पंजीयन आफिस परिसर में एकतरफा कार्रवाई का विरोध करते स्टांप वेंडर।

### नहीं दिखे अधिकारी-कर्मचारी-पक्षकार, रजिस्ट्री ऑफिस वीरान

मंगलवार को न केवल रजिस्ट्री आफिस, बल्कि पूरे परिसर का नजारा ही कुछ अलग था। आमतौर पर दस्तावेज लेखकों के पास अपनी जमीन की खरीदी-बिक्री के कागजात तैयार करवाने व जमीन के एग्रीमेंट से संबंधित कार्यों के सिलसिले में पहुंचने वाले पक्षकार पूरी तरह नदारद थे। दस्तावेज लेखकों की दुकानें पूरी तरह बंद थी। यही नजारा रजिस्ट्री आफिस के भीतर का था। अधिकारी अपनी सीट पर नहीं थे, वहीं ज्यादातर कर्मचारियों को भी बैठे नहीं देखा गया। रजिस्ट्री संबंधी गतिविधियां शून्य थी।

### मांगे नहीं मानी तो होगा आंदोलन

अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर दस्तावेज लेखकों ने एक दिवसीय हड़ताल की है। पुलिस व प्रशासन द्वारा मांगें नहीं मानने की स्थिति में हम अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य रहेंगे।

-**मनीष गुप्ता**, प्रदेशाध्यक्ष, दस्तावेज लेखक कल्याण संघ

### रजिस्ट्री प्रभावित होने से परेशानी


दस्तावेज लेखकों की हड़ताल से रजिस्ट्री से संबंधित काम बहुत ज्यादा प्रभावित हुए हैं। हड़ताल के कारण प्रदेश में जमीन की रजिस्ट्री करने वाले पक्षकारों को भी बहुत परेशान होना पड़ा।

-**उषा साहू**, डीआईजी रजिस्ट्री विभाग

# महिला के दो फिक्स डिपाजिट बैंक खाते से 5 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वृद्ध महिला के दो फिक्स डिपाजिट बैंक खाते से 5 लाख रुपए की ठगी करते हुए दो लोगों ने के अपने खाते ट्रांसफर कर लिया। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।



सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, विद्या नगर शिव मंदिर के पीछे रहने वाली रत्ना मोंडल पति स्व. मनोरंजन मोंडल 65 साल गौरेला पेंड्रा में शासकीय सेवक के तौर पर कार्यरत थी जो कि अक्टूबर 2022 में सेवानिवृत्त हुई । उनके पति भी रेलवे में कार्यरत थे। वर्तमान में वह स्वस्ति वृद्धा आश्रम सासन थाना अमीनपुर बाजार बरगना पश्चिम बंगाल में रह रही है। उन्होंने थाने में रिपोर्ट लिखाई उनका स्टेट बैंक आफ इंडिया कलेक्ट्रोरेट शाखा के खाता है। उनका ढाई-ढाई लाख के दो फिक्स डिपाजिट खाते है। उन्हें मैसेज के माध्यम से डिपाजिट के रकम ट्रांसफर हो जाने की जानकारी हुई। उन्होंने बैंक में जाकर पतासाजी की तो जानकारी दी गई एचडीएफसी बैंक के खाता धारक हरि पार्थसारथी के खाते में 4 लाख 54 हजार रुपए व सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के खाता धारक मिथुन कुमार मेहता के खाते में 50 हजार रुपए यूटीआर के माध्यम से ट्रांसफर किया गया है। महिला ने शिकायत में बताया कि उन्होंने कभी इंटरनेट बैंकिंग उपयोग नहीं किया है। वहीं बैंक में उनके बिना जानकारी के ईमेल आईडी पाई गई है। जांच में पता चला कि इंटरनेट बैंकिंग सक्रियकरण ओडी / लोन अकाउंट खुलना, केवाईसी ईमेल परिवर्तन और समय पर रोकथाम न होना इन परिस्थितियों से बैंक कर्मचारियों की घोर लापरवाही मिलीभगत का संदेह उत्पन होता है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बैंक खाता धारक मिथुन कुमार मेहता, हरि पार्थसारथी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### झांसा देकर 1 लाख 38 हजार की ठगी

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, शुभम विहार निवासी श्रद्धा तिवारी पिता संतोष तिवारी ने रिपोर्ट लिखाई। 9 सितंबर की सुबह 7 बजे उनके मोबाइल पर टेलीग्राम ऐप के माध्यम से राहुल नाम के व्यक्ति ने संपर्क किया। उसने दावा कि आनलाइन पार्ट टाइम जॉब के तहत होटल और रेस्टोरेंट के रिव्यू लिखने पर प्रति रिव्यू 150 रुपए मिलेंगे। चार रिव्यू करने पर भुगतान का आश्वासन दिया गया। आगे कमाई करने के लिए निवेश करना आवश्यक होगा। राहुल और उसके साथी अर्चना रोहन ने निवेश करने के लिए उकसाया। उनके 1 लाख 38 हजार रुपए निवेश कराकर ठगी कर लिया गया है।

# वन मंडल और वन विकास ने जब्त की लाखों की लकड़ी, आरोपी गिरफ्तार

### वन मंडल बिलासपुर और वन विकास निगम की टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन मंडल बिलासपुर और वन विकास निगम की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जंगल में अवैध लकड़ी कटाई करने वाले तस्करों को गिरफ्तार कर लाखों की लकड़ी सहित मोटर सायकल, आरी और लट्ठे एवं अन्य उपकरण जब्त किया है।

सोमवार की रात बिलासपुर वन मंडल अंतर्गत कोटा वन परिक्षेत्र की टीम वन विकास निगम के साथ बेलगहना सहित आसपास के क्षेत्रों में जंगल में पेट्रोलिंग कर रही थी। इस दौरान नंदकिशोर सिंह, रवि जगत, अरविंद बंजारे, शमूएल तिग्गा ने देर रात 1.30 जंगल में संदिग्ध लोगों को देखा। मौके पर संदिग्ध लोग अवैध कटाई कर रहे थे। वन विभाग और वन विकास निगम की टीम ने तत्काल छापामार कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ लिया।



छापामार कार्रवाई के दौरान पकड़े गए आरोपी।

जानकारी के अनुसार अवैध कटाई का कार्य कक्ष क्रमांक 2471 एवं 2472 में चल रहा था, जहां दो युवकों को पकड़ा। दो आरोपी नेवसा निवासी धर्मेन्द्र कुमार ध्रुव पिता संतराम ध्रुव और कोटा निवासी बुधराम बैगा पिता जोन्हू बैगा के पास से पेड़ों की कटाई करने वाले उपकरण, मोटर सायकल, दो नग आरा मशीन, सहित 21 नग लट्ठा मिलाकर 2 लाख से अधिक के सामान व लकड़ी जब्त करते हुए वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं 6 आरोपी फरार हो गए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

### कर्मचारी से मारपीट कर बाइक लूटी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** मोबाइल टावर सुधारने जा रहे कर्मचारी को रोककर चार युवकों ने मारपीट कर बाइक लूटकर भाग गए है। पुलिस लुटेरों को नहीं पकड़ पाई है। सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, अशोकनगर निवासी ज्योतिष साहू पिता झामलाल साहू व्यापार विहार स्थित जीओ आफिस में काम करते है।

सोमवार की रात काठाकोनी टावर डाउन होने की सूचना पर रात 3 बजे वह बाइक क्रमांक सीजी 10 एव्ही, 7747 से काठाकोनी जा रहे थे। लाखासार के पास चार युवकों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट कर उनकी बाइक लूटकर भाग गए। श्री साहू ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 3, 5, 309, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस लुटेरों को नहीं पकड़ पाई है।

# चकरभाठा क्षेत्र के ढाबे में शराब बेचने का वीडियो वायरल, पुलिस बैरंग लौटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चकरभाठा क्षेत्र में एक ढाबा में अवैध शराब बेचने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। उसके बाद पुलिस ने उक्त ढाबा में छापा मारकर जांच की लेकिन पुलिस को ढाबा में कुछ नहीं मिला और बैरंग लौट गई।

मंगलवार को सोशल मीडिया में चकरभाठा स्थित शालीमार ढाबा में खुलेआम शराब बेचने की वीडियो जोरों से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है ढाबा के कर्मचारी ढाबा से अंग्रेजी शराब लाकर कार सवार लोगों को दे रहे हैं। वीडियो ने आबकारी विभाग व चकरभाठा पुलिस के सक्रियता पोल खोलकर रख दी है। वीडियो वायरल होने के बाद चकरभाठा पुलिस ने उक्त ढाबा में छापामार कार्रवाई की लेकिन पुलिस टीम को ढाबा में कुछ नहीं मिला और बैरंग लौट गई है। खबर है कि क्षेत्र के सभी ढाबों में खुलेआम शराब बेचने व ढाबा पिलाया जाता है। ढाबों के सामने कार में बैठकर युवक युवती शराब पीते नजर आते है। ढाबों में देर रात तक युवक युवतियों का जमावड़ा लगा रहता है। पूर्व में देर रात क्षेत्र के एक चर्चित ढाबा में युवतियों से छेड़खानी को लेकर जमकर मारपीट हुई थी। मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था।



वायरल वीडियो में शामिल युवक।

### कुछ नहीं मिला

सोशल मीडिया में वीडियो देखने के उक्त ढाबा में छापा मारकर जांच की गई है। वहां कुछ नहीं मिला है। संचालक को अवैध शराब बेचने पर सख्ती से कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

-**उत्तम साहू** चकरभाठा टीआई

### अधिकारी-कर्मचारियों का ई-केवाईसी कराने के निर्देश, नहीं तो नहीं मिलेगा इस माह का वेतन

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने टीएल बैठक में आज शासन की प्राथमिकता वाली तमाम योजनाओं की समीक्षा की।

उन्होंने 30 सितम्बर तक सभी अधिकारी-कर्मचारियों का ई-केवाईसी करा लेने के निर्देश दिए। अन्यथा इस महीने का वेतन नहीं मिल सकेगा। कलेक्टर ने ई-ऑफिस के जरिए सरकार काम-काज की गति और बढ़ाने को कहा है। श्री अग्रवाल ने कहा कि पीएम जनमन में संतृप्ति लेवर को प्राप्त करने के लिए अब कुछ ही लक्ष्य बचे हैं। इन्हें भी 30 सितम्बर तक अभियान चलाकर पूर्व कर लिया जाए। कलेक्टर ने बैठक में कल से शुरू हो रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा की जानकारी दी। अधिकारी-कर्मचारियों को अपने ऑफिस, घर और आस-पास की साफ-सफाई करने पर जोर दिया। शहर-शहर एवं गांव-गांव में यह अभियान जनभागीदारी पर चलाया जाएगा। अभियान के दौरान जिले की तमाम हॉस्टल, आश्रम, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों का अधिकारी निरीक्षण भी करेंगे। राशन दुकानों का भी जायजा लिया जाएगा। इन संस्थाओं के काम-काज को और कैसे जनहितैशी और बेहतर किया जा सके। इस पर विचार किया जाएगा।







